राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उतरांचल,उतराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

सुरत-गुजरात,संस्करण रविवार,10 अक्टूबर-2021 वर्ष-4,अंक-259 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार में
प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

## गृह राज्य मंत्री का डेढ़ साल के बच्चे को लावारीस छोड़ने वाले परिवार की तलाश का आदेश

गांधीनगर,गांधीनगर में डेढ साल का एक बच्चा लावारीस हालत मिला है। कई घंटे बीत जाने के बावजूद उसके परिवार के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इस घटना को लेकर हरकत में आए गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने बच्चे के परिवार की तलाश का आदेश दिया है। गृह मंत्री के आदेश के बाद 100 पुलिसकर्मियों की टीम बच्चे के परिवार की तलाश फरार हो गया। मासूम बच्चे को लावारीस हालत में छोड़ने की घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। लावारीस बच्चे को फिलहाल सिविल अस्पताल के पिडियाट्रिक विभाग में रखा गया है। अब तक मासूम बच्चियों को त्याग देने की घटनाएं सामने आती रही हैं। लेकिन पहली बार किसी बेटे को लावारीस स्थिति में छोड़ने की घटना सामने आई हर्ष संघवी ने बच्चे के परिवार की तलाश का गांधीनगर जिला पुलिस को आदेश दिया है। हर्ष संघवी आज के अपने सभी कार्यक्रमों को स्थगित कर सिविल अस्पताल में बच्चे से मिलेंगे। गृह राज्य मंत्री के आदेश के बाद गांधीनगर पुलिस हरकत में आ गई और 100 पुलिसकर्मियों की टीम बनाकर बच्चे के परिवार की तलाश में जुट गई है। जिसमें



में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक गांधीनगर के पेथापुर स्वामीनारायण मंदिर के दरवाजे के निकट कोई अज्ञात शख्स डेढ़ साल के मासूम बच्चे छोड़कर है। डेढ़ साल का मासूम बच्चा पूरी तरह स्वस्थ और सुंदर है, जिसे देख कोई भी आकर्षित हो सकता है। घटना के बारे में पता चलने पर गृह राज्य मंत्री महिला पुलिसकर्मियों की 7 टीमें भी शामिल हैं। बच्चे के अभिभावक की तलाश में 70 से भी अधिक सीसीटीवी फूटेज खंगाले जा रहे हैं।

## गांधीनगर में मासूम बच्चे के मिलने के मामले में पाटील ने कहा-दोषी पर कड़ी कार्रवाई हो

गांधीनगर,गांधीनगर के पेथापुर में मंदिर के निकट मिले 10 महीने के मासूम बच्चे को लेकर गुजरात प्रदेश भाजपा प्रमुख सीआर पाटील ने घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि जो भी इस बच्चे को यहां लावारीस हालत में छोड़ गया है उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। बता दें कि गांधीनगर जिले के पेथापुर स्थित स्वामीनारायण मंदिर के निकट बीती रात 10 महीने का मासूम बच्चा लावारीस हालत में मिला था। घटना सामने सिविल अस्पताल पहुंचे जहां बच्चे के साथ मुलाकात की। दूसरी 100 जितनी टीमें बनाकर पुलिस भी बच्चे के परिवार की तलाश में जुट गई। इस घटना को लेकर प्रदेश भाजपा प्रमुख सीआर पाटील की प्रतिक्रिया सामने आई है। पाटील ने कहा कि 10 महीने के बच्चे को इस प्रकार छोड़कर चले जाने एक गंभीर घटना है। बच्चे के अभिभावकों की तलाश में पुलिस की टीमें लगी हुई हैं। डॉक्टर समेत गांधीनगर भाजपा के कार्यकर्ता समेत



आने के बाद हरकत में आए गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने बच्चे के अभिभावकों की जल्द से जल्द खोज निकालने का आदेश दिया है। दोपहर के वक्त हर्ष संघवी गांधीनगर स्वयंसेवी संस्थाएं फिलहाल बच्चे की देखभाल कर रही हैं। सीआर पाटील ने कहा कि इस मामले में जो कोई भी दोषी उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

## शराब के नशे में युवक रेलवे ट्रेक पर सो गया, होश में आया तो दोनों पैर कट चुके थे

सूरत,शुक्रवार देर रात सूरत के अमरोली-सायण रेलवे ट्रेक पर ट्रेन से एक युवक के दोनों पैर कट गए। यह घटना उस समय हुई जब युवक शराब पीकर अपने घर लौट रहा था। लेकिन घर पहुंचने के बजाए



गोलू के पिता का कहना है कि उनके गृहनगर में अंतिम संस्कार किया जाएगा (फाइल फोटो)

रेलवे ट्रेक पर सो गया। होश में आया तो दोनों पैर गंवा चुका था। पैर कटने के बाद रेलवे ट्रेक के निकट करीब 9 घंटे तक पड़ा रहा। सुबह वहां से गुजर रहे दोस्त ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के कानपुर का मूल निवासी गोलु नामक युवक सूरत की अंजनी इंडस्ट्रीयल एस्टेट स्थित लूम्स की फैक्ट्री में काम करता है। पिछले पांच महीनों से अपने दोस्तों के साथ रहनेवाला गोलु शुक्रवार की 11 बजे शराब पीने के लिए घर निकला था, लेकिन सुबह वापस नहीं लौटा था। आज सुबह गोलु के दोस्त घर से नौकरी पर जाने के लिए अमरोली-सायण रेलवे ट्रेक से गुजर रहे थे। तब गोलु को लहूलुहान हालत में देख चौंक उठे और तुरंत एम्ब्युलैंस 108 की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया। गोलु ने अपने दोस्तों को बताया कि वह शराब पीकर घर लौट रहा था, लेकिन नशे में रेलवे ट्रेक पर सो गया। उस वक्त वहां गुजरी ट्रेन से उसके पैर कट गए। पैर कटने के बाद जान बचाने के लिए किसी प्रकार अपने शरीर को घसीट कर एक गड्ढे के पास ले गया और करीब 9 घंटों तक पड़ा रहा। गोलु के दोस्तों ने बताया कि उसके पैर बुरी तरह से कुचल गए हैं, जिसे काट कर उसकी जान बचाने का प्रयास जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## गरबा देख दोस्तों के साथ लौट रहे बाइक सवार युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

सूरत,शहर के अडाजण-मगदल्ला के बीच सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब युवक अपने दोस्तों के साथ गरबा देख घर लौट रहा था। जानकारी के मुताबिक महाराष्ट्र के धूलिया जिले के शिरपुर गांव का मूल निवासी 22 वर्षीय मनीष बागुल नामक युवक सूरत के नागसेननगर में रहता था और शहर के एक हेयर कटिंग सलून में काम करता था। शुक्रवार की रात मनीष अपने दोस्तों के साथ गरबा देखने गया था। देर रात मोटर साइकिल पर मनीष अपने दोस्तों के साथ घर लौट रहा था। रास्ते मनीष ने अपने दोस्तों के साथ रेस लगाई। जिसमें उसके दोस्त आगे निकल गए। आगे निकले दोस्तों ने कुछ देर मनीष की राह देखी, परंतु उसके नहीं आने पर मनीष को देखने वापस लौट रहे थे। ओएनजीसी के निकट मनीष घायल पड़ा था। दोस्तों ने तुरंत मनीष को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना कैसी हुई इसका फिलहाल खुलासा नहीं हुआ है। मनीष की मौत से महाराष्ट्र स्थित उसके परिवार मानों आसमान टूट पड़ा है। दो भाइयों में मनीष बड़ा था और सूरत में काम कर अपने परिवार की मदद करता था।

## कांस्टेबल ने महिला पुलिस कर्मी से किया अनेकों बार दुष्कर्म

**शादी की लालच देकर**

कच्छ,कच्छ में खाकी वर्दी को शर्मशार करने वाली घटना सामने आई है। भुज पुलिस के एक कांस्टेबल महिला पुलिसकर्मी को शादी की लालच देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। पश्चिम कच्छ महिला पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़िता महिला पुलिसकर्मी ने कच्छ जिले के भुज ए डिवीजन पुलिस थाने में सेवारत कांस्टेबल के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़िता का आरोप है कि कांस्टेबल ने उसे शादी की लालच दी। उसकी बातों में आने के बाद आरोपी ने उसके साथ पुलिस क्वार्टर, खावडा पुलिस लाइन, अहमदाबाद, राजकोट और भावनगर में दुष्कर्म किया। जिसके बाद पुलिस कांस्टेबल ने दूसरी युवती से शादी कर ली।

## पुलिस की मुहिम रंग लाई, पेथापुर में मिले बच्चे को पुलिस ने खोज निकाला

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बच्चे का पिता सचिन नंदकिशोर दीक्षित मूल उत्तर प्रदेश का रहनेवाला हैं और गांधीनगर के सेक्टर २६ के ग्रीन सोसाइटी में रहता है। वह एक वड़ोदरा की निजी कंपनी में नौकरी करता हैं। पुलिस का मानना है कि पत्नी से झगड़ा होने के बाद उसके सचिन दीक्षित अपने बच्चे को गांधीनगर के पेथापुर स्थित स्वामीनाराय मंदिर के बाहर छोड़कर फरार हो गया।

## दो बेटों को साथ माता ने किया अग्निस्नान,तीनों की मौत

राजकोट,शहर के नाकरावाडी क्षेत्र में एक महिला ने अपने दो बेटों के साथ आग में जलकर आत्महत्या कर ली। गृहक्लेश को लेकर सामूहिक आत्महत्या की आशंका के बीच मृतक महिला के पति ने कहा कि उसका कभी भी पत्नी के साथ झगडा नहीं हुआ। कुवाडवा पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकोट के कुवाडा रोड स्थित नाकरावाडी क्षेत्र निवासी 28 वर्षीय दया विजयभाई डेडाणिया ने शनिवार की सुबह अपने 7 वर्षीय पुत्र मोहित और ४ वर्षीय धवल के साथ अग्निस्नान कर लिया। इस घटना में तीनों की आग में जलकर मौत हो गई। साथ ही घरेलू चीजवस्तुएं में आग में स्वाहा हो गई। खबर मिलते ही डीवायएसपी समेत पुलिस काफिला घटनास्थल पर पहुंच गया। प्राथमिक जांच में गृहक्लेश को लेकर सामूहिक आत्महत्या की आशंका है। हांलाकि मृतक महिला के पति के मुताबिक उसका पत्नी दया के साथ कभी झगड़ा तो दूर कहासुनी भी नहीं हुई। लेकिन मेरी माता के साथ एक बार कहासुनी हुई थी। कुवाडवा पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरूकी है।

## गांधीनगर चुनाव में 22 फीसदी मतदान साबित करता है कि लोग भाजपा से नाखुश हैं:केजरीवाल

गांधीनगर नगर निगम चुनाव के नतीजे आने के बाद आम आदमी पार्टी के गुजरात पदाधिकारी दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से मिलने दिल्ली पहुंचे. शाम चार से छह बजे तक पदाधिकारियों ने केजरीवाल के साथ दो घंटे की मैराथन बैठक की। जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमें केजरीवाल ने कहा कि गांधीनगर नगर निगम में मिले 22 फीसदी वोट यह साबित करते हैं कि लोग बीजेपी से असंतुष्ट हैं और इस तरह आम



आदमी पार्टी जैसी पार्टी को विकल्प के रूप में देखते हैं. गांधीनगर में कांग्रेस को सिर्फ 27 फीसदी वोट मिले.केजरीवाल से मुलाकात में मौजूद आम आदमी पार्टी गुजरात के सभी पदाधिकारियों को केजरीवाल ने सुना. उन्होंने चुनाव के दौरान अपने अनुभवों के बारे में विस्तार से बताया। केजरीवाल ने गांधीनगर नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को 22 फीसदी वोट स्वीकार करने पर बधाई दी. कांग्रेस और गांधीनगर जैसी एक साल पुरानी पार्टी में मजबूत पकड़ के बावजूद कांग्रेस को केवल २७न्न वोट ही मिल सके। उनके खिलाफ गांधीनगर नगर निगम में आम आदमी पार्टी द्वारा महज 15 दिनों में की गई मेहनत और जनता द्वारा दी गई स्थिति का नतीजा है

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-krantisamay@gmail.com

समस्या आपकी हमें भेजे

अपने क्षेत्र में समस्याएं हमें लिखे या बताएँ और समस्याएं का हल संबंधित विभाग से मिलेगा
मोबाईल:-987914180
या फोटा,वीडियो हमें भेजे

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार
भारत के अन्य राज्यों में जिला ब्यूरों और अन्य शहर,ग्राम में पत्रकारों की नियुक्त के लिए आवेदन कर सकते है
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-krantisamay@gmail.com

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

संपादकीय

## पत्रकारिता का सम्मान

शांति के लिए दो पत्रकारों को नोबेल सम्मान हासिल होना स्वागतयोग्य और अनुकरणीय है। आज दुनिया में जब अभिव्यक्ति पर संकट के बादल कुछ ज्यादा मंडरा रहे हैं, तब पत्रकारों का सम्मान वास्तव में पत्रकारिता का सम्मान है। फिलीपींस की पत्रकार मारिया रसा और रूस के पत्रकार दिमित्री मुराटोव को 2021 का नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया है। पत्रकारिता के लिए यह ऐसी कामयाबी है, जिससे मीडिया की समग्र गुणवत्ता पर सकारात्मक असर पड़ेगा। मारिया रसा और दिमित्री मुराटोव को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के उनके प्रयासों के लिए अगर सम्मानित किया जा रहा है, तो इससे दुनिया में लोकतंत्र और स्थायी शांति को ही बल मिलेगा। मारिया रसा अपने मूल देश फिलीपींस में सत्ता के दुरुपयोग, हिंसा के इस्तेमाल और बढ़ती तानाशाही को उजागर करने के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उपयोग करती रही हैं। उन्होंने साल 2012 में खोजी पत्रकारिता के लिए एक डिजिटल मीडिया कंपनी की सह-स्थापना की थी और अपने देश में विवादास्पद ड्रग के खिलाफ युद्ध पर ध्यान केंद्रित किया, जिससे हजारों लोगों की जान बचाने में वह कामयाब हुईं। फर्जी खबरों के खिलाफ रसा के समग्र काम पर भी दुनिया को गौर करना चाहिए, उससे मीडिया की मजबूती ही बढ़ेगी। दूसरी ओर, रूसी पत्रकार दिमित्री आंद्रेयेविच मुराटोव ने नोवाजा गजेटा अखबार की सह-स्थापना की थी, जो नोबेल समिति के मुताबिक, आज उनके देश का सबसे स्वतंत्र समाचारपत्र है। मुराटोव ने अपने देश में तेजी से बदलते प्रतिकूल हालात के बीच भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का बचाव किया है। उनका रूसी अखबार भ्रष्टाचार, सत्ता के दुरुपयोग, चुनावी धोखाधड़ी और ट्रोल अभियानों पर सवाल उठाते हुए कारगर पत्रकारिता को अंजाम देता रहा है। खास बात यह कि नोवाजा गजेटा के पत्रकारों को अलग-अलग ढंग से उत्पीड़न का सामना करना पड़ा है। धमकियों और हिंसा का भी सामना करना पड़ा है। इस अखबार ने सच्ची सूचना की राह में छह पत्रकार भी गंवाए हैं, जिसमें वह अन्ना पोलितकोवस्काजा भी शामिल हैं, जिन्होंने चेचन्या में युद्ध को अपनी लेखनी से बेपर्दा किया था। नोबेल समिति ने उचित ही रेखांकित किया है कि बहुत दबाव के बावजूद अखबार के प्रधान संपादक मुराटोव ने अखबार की स्वतंत्र नीति को छोड़ने से इनकार कर दिया। आज जब दुनिया में अधूरी सूचनाओं और फर्जी खबरों की बाढ़ आई हुई है, तब पत्रकारिता के सच्चे टापुओं को पहचानना बहुत जरूरी है। अच्छी पत्रकारिता किसी भी शांति प्रयास से कम नहीं होती। आज जो लोग पत्रकारिता का उपयोग द्वेष और सांप्रदायिकता बढ़ाने के लिए कर रहे हैं, उनके लिए तो इन नोबेल सम्मानों में विशेष संदेश छिपा है। अच्छी दुनिया के लिए ईमानदार पत्रकारिता चाहिए। आज अच्छी पत्रकारिता को रेखांकित और सम्मानित करना जरूरी है। नोबेल सम्मान से दुनिया में उन तमाम पत्रकारों को बल मिलेगा, जो सच्ची और न्यायपूर्ण पत्रकारिता को समर्पित हैं। समिति ने बिल्कुल सही कहा है कि स्वतंत्र और तथ्य-आधारित पत्रकारिता सत्ता के दुरुपयोग, झूठ और युद्ध से बचाने का काम करती है। आज आम लोगों की भी यह जिम्मेदारी है कि सच्ची पत्रकारिता के पक्ष में खड़े हों।



## 'आज के ट्वीट

### कृपा

शक्ति व विजय की प्रतीक, जगत जननी माँ भगवती के प्रथम स्वरूप माँ शैलपुत्री की कृपा हम सभी पर बनी रहे। माँ के आशीर्वाद से सभी में सृजनशीलता का संचार हो तथा सबका जीवन सुखमय बने। जय देवी माँ!

- योगी आदित्यनाथ

# किसान खोल में गुंडे और देशद्रोहियों को हिंसा की छूट क्यों मिली है ?

(लेखक- विष्णु गुप्त )

*लखीमपुर खीरी में आठ-आठ लाशें बिछाने वाले तथाकथित किसानो को सबक देना जरूरी*

अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की तथाकथित किसान आंदोलन के प्रति नरम नीति काल बन रही है, देश की सुरक्षा, मानवता की सुरक्षा, निर्दोष लोगों की जान की सुरक्षा पर आंच आ रही है, आने-जाने के अधिकार का हनन जैसे गुनाह सामने आ रहे हैं। इसी का दुष्परिणाम है कि लखीमपुर खीरी में तथाकथित किसानों ने कोई एक-दो नहीं बल्कि आठ-आठ लाशें बिछा दी। अखिलेश यादव के घर पर पुलिस की गाड़ी सरेआम जला दी गयी, कानून और संविधान को बंधक बनाया जा रहा है। विपछी दल और राष्टविरोधी शक्तियां की करतूत अब निर्दोष लोगों की जानें ले रही हैं। जब आप किसी चालक के उपर लाठियां बरसायेंगे, पत्थर बरसायेंगे तो फिर वाहन पर से चालक का नियंत्रण कैसे रह पायेगा? चालक अपने आप को कैसे बचा पायेंगे। जब किसी के उपर अचानक आफत आती है तो फिर वह बचने की कोशिश करता ही है। चालक ने भी बचने की कोशिश की थी, बचने की कोशिश में उसने अपने वाहन को भगाने की कोशिश की थी, सामने हिंसक किसान आ गये। किसान क्या यह नहीं जानते थे कि हम किसी वाहन पर पत्थर फेंकेगे और वाहन चालक पर सरेआम लाठियां बरसायेगें तो फिर वह बचने के लिए अपने वाहन को दोड़ाने का प्रयास नहीं करेगा? हर व्यक्ति को अपनी जान प्यारी होती है। किसानों की लड़ाई सरकार से है। उस वाहन चालक से आपकी लड़ाई थोडे थी? फिर आपने उस वाहन चालक पर पत्थर क्यों बरसाने लगे, उस वाहन चालक पर लाठियां क्यों बरसाने लगे? क्या आपको कानून हाथ में लेने का अधिकार है, क्या आपको कानून और संविधान को बंधक बना कर रखने का अधिकार है,क्या आपको सड़कों को घेर कर बैठने का अधिकार है, क्या आपको तिरंगे को रौंदने का अधिकार है, क्या आपको तिरंगे को उतार फेंक कर अपना मजहबी झंडा लगाने का अधिकार है? क्या आपको भिडरावाले की प्रशंसा में कसिदे पढ़ने का अधिकार है, क्या आपको दुश्मन देश की वकालत करने का अधिकार है, क्या आपको विदेशी पैसे लेने का अधिकार है, क्या आपको किसी एक पार्टी के कार्यकर्ताओं को बंधक बनाने का अधिकार है? क्या आपको महिलाओं के साथ बदसूलकी का अधिकार है, क्या आपको महिलाओं के साथ बलात्कार करने का अधिकार है, क्या आपको मीडिया कर्मियों के साथ बदतमीजी करने का अधिकार है, क्या आपको मीडिया कर्मियों को धमकी देने का अधिकार है, क्या आपको मीडियाकर्मियों को सरेआम पिटने का अधिकार है? आखिर किसान के नाम पर ऐसी गुंडागर्दी कब तक चलती रहेगी?

चोरी और सीनाजोरी इसी को कहते हैं, पहले इन्होनें परस्थिति जन्य घटना को अंजाम देने के लिए बाध्य किया और यह कहना गलत नहीं होगा कि वाहन चालक को इन्होंने वाहन भगाने के लिए मजबूर किया। फिर इन्होंने ही हिंसा फैलायी। हिंसा किस तरह से फैलायी वह भी स्पष्ट है। इनकी हिंसा डराने वाली थी, इनकी हिंसा देश को अस्थिर करने वाली थी, इनकी हिंसा मानवता का खून करने वाली थी। इन्होने न केवल गाड़ियों को पलट दिया और उसमें आग भी लगायी। इन्होंने वाहन चालक सहित पांच भाजपा कार्यकर्ताओं को मौत का घाट उतार दिया। मृत शरीर पर अंधाधुंध लाठियां बरसाते रहे। क्या भाजपा के कार्यकर्ताओं की जानें प्यारी नहीं थी, क्या भाजपा के मारे गये कार्यकर्ताओं के परिजनों के सामने पहाड़ नहीं टूट आया है। मारे गये सभी भाजपा कार्यकर्ता कोई धनाढ़य वर्ग के तो थे नहीं, ये भी मध्यम वर्ग के थे। अगर इसी तरह आपके खिलाफ भी भाजपा के कार्यकर्ता हथियार उठा लेंगे तो फिर आपकी स्थिति क्या होगी? केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अनिल मिश्र टेनी ने सही कहा है कि किसानों के नाम पर उपद्रवी तत्वों ने हिंसा फैलायी है। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अनिल मिश्र टेनी चूकि जिम्मेवार पद पर बैठे हैं, इसलिए उन्होंने संयमित प्रतिक्रिया दी है, अपनी प्रतिक्रिया में उन्होंने अन्य तत्वों के नाम का उल्लेख नहीं किया। पर लखीमपुर खीरी की घटना में कई प्रकार के तत्व पर पहले से ही उपस्थित थे। तत्वों के प्रकार जानेंगे तो आप हैरानी में पड़ जायेंगे? यह सोचने के लिए मजबूर हो जायेंगे कि हमारे राष्ट के खिलाफ इतने बड़े-बड़ते तत्व खड़े हैं और साजिश में लगे हुए हैं। एक तत्व भिंडरावाले का है, वही भिंडरावाले जो भारत की एकता और अखंड़ता को तोड़कर खालिस्तान का निर्माण करना चाहता था, वही भिंडरावाले जिसने हमारे दुश्मन देश पाकिस्तान और आईएसआई के इसारे पर लट्टू की तरह नाचता था, वही भिंडरावाले जिसे राजीव गांधी ने आतंकवादी मानने से इनकार कर कहा था कि वे एक महान संत हैं और जिसे इन्दिरा गांधी ने राजनीतिक संरक्षण दे रखा था, वही भिंडरावाले जिसे मारने के लिए इन्दिरा गांधी ने स्वर्ण मंदिर मे सेना भेजकर ब्लू स्टार आपरेशन की थी। जानना यह भी जरूरी है कि जो किसान वाहन पर पत्थर बरसा रहे थे और भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठियां बरसा कर उनकी जान ली थी वे सभी भिंडरावाले लिखे हुए टीशर्ट पहने हुए थे और साथ ही साथ भिड़रावाले का नारा भी लगा रहे थे। वीडीओ फूटेज की अगर गहनता के साथ जांच होगी तो फिर इस तथ्य की सत्यता सामने आ जायेगी। साजिश वाले तत्व समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के थे। कांग्रेस और अन्य राजनीतिक पार्टियां किसानों को भरमाने , किसानों को उपद्रवी, किसानो को हिंसक बनाने में कितने सहयोगी रहे है, यह स्पष्ट है। कांग्रेस का मुख्यमंत्री सरेआम कहता है कि मेरे राज्य में नहीं भाजपा राज्य और दिल्ली में जाकर आंदोलन करो। पहले किसानों को उकसाया, हिंसक बनाया और अब उन पर आंसू बहाने का कार्य भी कांग्रेस और अन्य राजनीतिक पार्टियां कर रही है। लखनउ की घटना तो नोटिस मे लिया ही जाना चाहिए। लखनउ की घटना में अखिलेश यादव ने किस प्रकार से हिंसा का सहारा लिया है, यह भी स्पष्ट हो गया। अखिलेश यादव के घर के सामने सपा के कार्यकर्ताओं ने एक पुलिस गाड़ी को सरेआम जला दिया, पुलिस वालों पर बल का प्रयोग किया। अखिलेश यादव अपने घर पर नजरबंद हैं। उन्हें लखीमपुर खीरी जाकर हिंसा फैलाने की स्वीकृति नहीं मिली। इसी कारण अखिलेश यादव के इसारे पर पुलिस की गाड़ी में आग लगायी गयी। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और पंजाब में बलात्कार और मुस्लिम लोमहर्षक हिंसा की दर्जनों घटनाएं हुई हैं, राजस्थान में मुस्लिम उग्रपंथियों और सांप्रदायिक तत्वो ने कई दलितों की हत्याएं की है पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी उन हताहत दलितों के घर नहीं गये। पर राजनीतिक लाभ के लिए लखीमपुर खीरी तक दौड़ लगा रहे है और हिंसा करने वाले और देश विरोधी तत्वों का उत्साह भी बढ़ा रहे हैं। राकेश टिकैत की मुस्लिम परस्त मानसिकता कौन नहीं जानता है। राकेश टिकैत को कौन सा जन समर्थन है? इस तथ्य को हमेशा नकारा क्यो जाता है कि राकेश टिकैत का नजरिया और सक्रियता राजनीतिक है। वे विधानसभा का एक नहीं बल्कि दो-दो बार चुनाव लड़ चुके हैं। दोनों बार विधान सभा चुनाव में जमानत जब्त करा चुके हैं। ये अजित सिंह की पार्टी के सदस्य हैं। हरियाणा में एक खास लोगों के वर्चस्व टूटना इन्हें पंसद नहीं है। क्या कोई यह बतला सकता है कि अल्ला हू अकबर किसानों का नारा हो सकता है? अगर नही तो फिर अल्ला हू अकबर का नारा राकेश टिकैत किस एजेंडे के तहत लगाते हैं, क्या हिन्दुओं को चिढ़ाने के लिए राकेश टिकैत अल्ला हू अकबर का नारा नहीं लगाता है? पंजाब और हरियाणा में भी क्या हिन्दुओ को निशाना नहीं बनाया गया है, हिन्दुओं को अपमानित नहीं गया है? क्या आप क्रिकेटर युवराज सिंह के बाप का बयान भूल गये जिसमें उन्होंने किसान बिल को लेकर हिन्दुओं को धमकाया था और अपमानित किया था?

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा की अन्य सरकारों की तारीफ होनी चाहिए। दस महीनो से इनका आंदोलन चल रहा है। दस महीनों तक दिल्ली में नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने कोई बल प्रयोग नहीं किया, बलप्रयोग होता तो निश्चित तौर पर किसानों के वेश में हिंसा कर रहे देश द्रोहियों को आठ-आठ लाशें बिछाने का अवसर नहीं मिलता? इनकी साजिश तो पहले दिन से ही हिंसा कराने की थी और नरेन्द्र मोदी को बदनाम करने की थी। यह सबको पता है कि यह तथाकथित आंदोलन उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव तक चलना है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार निशाने पर है। योगी आदित्यनाथ की सरकार ने उत्तर प्रदेश में देशद्रोहियों का जो संहार किया है, अपराधियो को सही जगह पर रखा है उससे कांग्रेस, सपा और अन्य दलो की नींद उड़ी हुई है और तथाकथित किसानों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में भाजपा का सफाया करना चाहते हैं। पर अब कड़े कदम की आवश्यकता है। तथाकथित किसानों को आठ-आठ लाशें बिछाने जैसी छूट नहीं मिलनी चाहिए।

## जीवन डगर

जग्गी वासुदेव

हमारे आश्रम के लोगों और बहुत सारे दूसरों लोगों के साथ ऐसा होता है कि वे करते कुछ हैं, जबकि करना कुछ और होता है। और फिर वह काम नहीं हो पाता। ऐसा थोड़े बहुत लोगों के साथ नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों के साथ होता है। अब काम पूरा नहीं हुआ तो इंसान की शुरु आती प्रवृति होती है -'उसके कारण ऐसा नहीं हुआ' या 'इसकी वजह से ऐसा नहीं हुआ।' हालांकि हमने बड़े पैमाने पर अपने लोगों में यह सुधार किया है कि कुछ गलत होने पर वे किसी दूसरे पर उंगली न उठाएं। यह समझना चाहिए कि अगर कोई चीज काम नहीं कर रही तो जाहिर सी बात है कि उस काम को ठीक ढंग से नहीं किया गया होगा। हो सकता है कि उस काम के ठीक से न हो पाने की वजह फिलहाल आप नहीं समझ पा रहे हों-यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं है। लेकिन लोग काम न होने पर इसके लिए गूढ़ शक्तियों की तरफ देखने लगते हैं। बहुत सारे लोगों के लिए मिस्टिसिज्म यानी रहस्यवाद का मतलब है-अपने जीवन की सरल और सहज चीजों को जटिल बना देना। जबकि वास्तव में रहस्यवाद का मतलब है कि ऐसी सारी रहस्यवादी चीजें, जिन्हें आप अपनी पांचों इंद्रियों के जरिए महसूस नहीं कर सकते या फिर आप अपने बुनियादी तर्क से उन तक नहीं पहुंच सकते, उन्हें ठीक-ठाक तार्किक तरीके से उपलब्ध कराना ही रहस्यवाद है। सरल चीजों को और गूढ़ बना देना किसी भी तरह का रहस्यवाद नहीं है। तो आपको यह जानने की जरूरत है कि अगर आप जो भी काम करते हैं, उसमें समस्या आती है, तो जाहिर सी बात है कि आप एक सैंडपेपर यानी रेगमाल की तरह हैं। आप जानते हैं न कि सैंडपेपर क्या होता है? जब भी आपका किसी से टकराव हो, आप सैंडपेपर से अपनी त्वचा को कहीं घिस लें। ऐसे में अगर आप जल्दी ही अपने को नहीं सुधारते, तो फिर एक समय के बाद आपके शरीर में कहीं त्वचा बचेगी ही नहीं। जब आपके बदन पर त्वचा नहीं रहेगी, तो फिर आप किसी चीज से नहीं उलझेंगे। घर्षण को कम करने के लिए एक आसान सी चीज आप कर सकते हैं, जो मैं कई बार पहले भी बता चुका हूं, लेकिन आप लोग इस पर ध्यान नहीं देते। यह आसान सी चीज है कि आप पूरे एक दिन में, एक घंटे में या एक मिनट में जो कुछ भी बोलते हैं, उसे पचास प्रतिशत तक कम कर दें। आप देखेंगे आपकी समस्याएं कम हो जाएंगी।




# टीस देता विकृत मानसिकता का वीभत्स रूप

दीपिका अरोड़ा

किसी भी राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में समाज का विशेष योगदान रहता है। अपने नैतिक चरित्र के लिए विश्वविख्यात रहा भारतीय समाज आज स्तरीय परीक्षण के आधार पर किस पायदान पर आ खड़ा हुआ है, देश में निरंतर बढ़ते दुष्कर्म प्रकरण यह बताने के लिए काफी हैं। हाल ही में छत्तीसगढ़ के जशपुर स्थित राजीव गांधी शिक्षा मिशन द्वारा संचालित 'समर्थ दिव्यांग केंद्र' में घटित नरपैशाचिक कृत्य ने समूची मानवीयता को शर्मसार करते हुए मानुषिक संवेदनाओं को पुनः कठघरे में ला खड़ा किया है। कथित रूप से छात्रावास अधीक्षक की अनुपस्थिति का अनुचित लाभ उठाते हुए, शराब के नशे में धुत्त दिव्यांग आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के संरक्षक तथा चौकीदार ने रात के समय छात्रावास में उत्पात मचाते हुए एक नाबालिग विकलांग बच्ची को अपनी दुष्वृत्ति का शिकार बनाया। साथ ही 14 से 16 वर्ष के मध्य आयु वर्ग की अन्य पांच बच्चियों के साथ घिनौनी छेड़छाड़ करते हुए उनके वस्त्र तक विदीर्ण कर डाले। यही नहीं, जान बचाने हेतु यत्र-तत्र भागती बच्चियों को बड़ी ही क्रूरता से परिसर की नालियों में फेंक दिया। बीच-बचाव करने आई सफाईकर्मी को आरोपितों ने बाथरूम में बंद कर डाला। आश्चर्य होता है, क्या ये दरिंदे उसी गौरवशाली संस्कृति की उपज हैं, जहां संरक्षक निज दायित्व का निर्वाह करते हुए अपना जीवन तक सहर्ष दांव पर लगा देते थे? दुर्भाग्यपूर्ण, लेकिन वर्तमान परिवेश का कटु सत्य यही है कि विकृत मानसिकता का यह वीभत्स रूप मानवीयता पर इस कदर हावी होने लगा है कि बाड़ द्वारा खेत खाए जाने की कही-अनकही घटनाएं अब अक्सर देखने में आती हैं। जशपुर की यह घटना हमें कांकेर जिले के झलियामारी गांव का स्मरण दिलाती है जहां 2013 में आदिवासी लड़कियों से संबद्ध एक आवासीय पाठशाला में 15 नाबालिग छात्राओं पर गंभीर यौन हमला हुआ था। संबंधित मामले में शिक्षा विभाग के दो अधिकारियों समेत आठ लोग गिरफ्तार किए गए थे। घटनाओं की पुनरावृत्ति स्पष्ट संकेत है कि हमारा तंत्र मानमर्दन जैसे जघन्य अपराध रोकने में सर्वथा नाकाम सिद्ध हो रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के हालिया आंकड़े बताते हैं कि देश में महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों में कमी आने की अपेक्षा, सात प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। बलात्कार के प्रतिदिन औसतन 77 मामले दाखिल किए गए। वर्ष 2020 के आंकड़ों के अनुसार 28,046 महिला दुष्कर्म पीड़िताओं में 2,655 नाबालिग बच्चियां हैं। अनुमानतः देश में प्रतिदिन 130 बच्चे यौन हिंसा का शिकार होते हैं। यह आंकड़ा जहां हमारी न्याय प्रक्रिया तथा दंडविधान की खामियां दर्शाता है वहीं व्यवस्था के संवाहकों का बहुरूपियापन भी उजागर करता है। दुःख का विषय है कि राष्ट्र की छवि धूमिल करने वाली ऐसी घटनाओं को रोकने हेतु प्रतिज्ञाबद्ध होने की अपेक्षा, राजनीतिज्ञों की रुचि आरोप-प्रत्यारोप द्वारा स्वार्थ की रोटियां सेंकने में अधिक रहती है। ऐसे मामलों का प्रान्तीयता, वर्ग, जातिवाद आदि संकीर्ण दायरों में सिमटकर राष्ट्रव्यापी जनाक्रोश के रूप में अपनी पकड़ मजबूत न बना पाना भी मन को कचोटता है। ये घटनाएं, संरक्षण केंद्रों की सुरक्षा-व्यवस्था एवं समुचित प्रबंधन पर भी प्रश्न खड़े करती हैं। विचारणीय है, मूक-बधिर आवासीय परिसर में ऐसा एक भी व्यक्ति उपलब्ध नहीं था जो मौजूदा स्थिति में, पीड़ित दिव्यांगों की सांकेतिक भाषा समझने की सामर्थ्य रखता हो। छात्रावास अधीक्षक द्वारा विशेष शिक्षक बुलाने पर ही समूचे प्रकरण का विवरण मिलना संभव हो पाया। तत्काल शिकायत दर्ज करवाने में बरती गई कोताही भी संदेहास्पद है। सहयोग की अपेक्षा से ही समाज सृजित होता है। एक ओर शारीरिक चुनौतियों को मात देकर हमारी दिव्यांग बेटियों अवनि लेखारा तथा भाविना बेन पटेल ने विदेशी धरती पर अभूतपूर्व सम्मान अर्जित किया, दूसरी ओर अपने ही देशवासियों ने संरक्षक बनकर असहाय बेटियों का गौरवमर्दन कर डाला। इस अक्षम्य अपराध के लिए आरोपितों के विरुद्ध कठोर दंड सुनिश्चित करवाने हेतु क्या समाज की समग्र सहभागिता अनिवार्य नहीं? क्या हमारा समाज मूक, बधिर बन चुका है जो ताबूत में बंद नागरिक-सुरक्षा के झूठे आश्वासनों के विरुद्ध कड़ा संज्ञान लेते हुए सुषुप्त व्यवस्थाओं को कुंभकर्णी नींद से जगाना भी आवश्यक नहीं समझता? जहां संवेदनाओं का मर्दन हो और अपराधी निर्भीकता से घूमते रहें वहां सभी संरचनाएं अर्थहीन लगती हैं। जो देश बेटियों की सुरक्षा ही सुनिश्चित न कर पाए वहां 'बेटी दिवस', 'बालिका दिवस' आदि 'दिवस विशेष' मनाने का क्या अभिप्राय रह जाएगा? जब रक्षक ही भक्षक बन जाएं तो हृदय किस पर भरोसा करे? रिसते घाव अंतर्मन की पीड़ा कहें, तो किससे?



# आज का राशिफल

**मेष** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। किसी रिश्तेदार के आगमन से मन प्रसन्न होगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। अनावश्यक कष्टों का सामना करना पड़ेगा।

**वृषभ** पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। खान-पान में संतुलन बना कर रखें। मकान, सम्पत्ति व वाहन की दिशा में किया गया प्रयास सफल होगा।

**मिथुन** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। आय के नये स्त्रोत बनेंगे। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी अपेक्षित है।

**कर्क** पारिवारिक जनों का सहयोग मिलेगा। स्थानान्तरण व परिवर्तन की दिशा में सफलता मिलेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। किसी बहुमूल्य वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी। धन लाभ होगा।

**सिंह** रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**कन्या** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा।

**तुला** आर्थिक योजना सफल होगी। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी रिश्तेदार से तनाव मिल सकता है। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी।

**वृश्चिक** पारिवारिक जनों का सहयोग मिलेगा। रोजी रोजगार की दिशा में प्रगति होगी। अधीनस्थ कर्मचारी का सहयोग रहेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे।

**धनु** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। फिजूलखर्ची से बचें अन्यथा कर्ज की स्थिति आ सकती है। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। धन हानि की संभावना है।

**मकर** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**कुम्भ** गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। खान पान में संयम रखें। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा। आमोद प्रमोद के साधनों में वृद्धि होगी।

**मीन** पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। नेत्र विकार की संभावना है। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी।

## सोनोवाल ने कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट के पहले सौर बिजली संयंत्र का उद्घाटन किया



**कोलकाता।** केंद्रीय पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने पश्चिम बंगाल में पूर्व मेदिनीपुर जिले के हल्दिया में कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट के पहले सौर बिजली संयंत्र का उद्घाटन किया। अधिकारियों के अनुसार जमीन पर लगाये गये इस सौर संयंत्र की उत्पादन क्षमता एक मेगावाट है। कुल 6.6 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस सौर बिजली परियोजना से लगभग 1,400 कर्मचारियों के मकानों को बिजली उपलब्ध करायी जाएगी।

परियोजना का क्रियान्वयन कोलकाता के विक्रम सोलर ने किया। मंत्री ने माल के प्रबंधन गतिविधियों पर नजर रखने के लिये निगरानी प्रणाली की भी शुरूआत की। सोनोवाल ने पश्चिम बंगाल के अपने दो दिन के दौरे के दौरान हल्दिया और कोलकाता गोदी पर 350 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की परियोजनाओं शुभारंभ किया।

## एनसीएलटी ने श्रेई ग्रुप की दो कंपनियों के खिलाफ रिजर्व बैंक की दिवाला याचिकाएं स्वीकार की




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने श्रेई ग्रुप की दो कंपनियों के खिलाफ दिवाला कार्रवाई शुरू करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की याचिकाओं को स्वीकार कर लिया।रिजर्व बैंक ने दो गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी)- श्रेई इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस और श्रेई इक्विपमेंट फाइनेंस के खिलाफ एनसीएलटी की कोलकाता पीठ में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं।एनसीएलटी की दो सदस्यीय पीठ ने शुक्रवार को मामलों की सुनवाई की।

केंद्रीय बैंक ने अपने वकील संजय गिनोदिया के माध्यम से याचिकाएं दायर की हैं। संजय गिनोदिया, आर गिनोदिया एंड कंपनी में सीनियर पार्टनर हैं।गिनोदिया ने कहा कि उन्होंने शुक्रवार को एनसीएलटी पीठ के समक्ष रिजर्व बैंक की ओर से दलीलें पेश कीं।

दोनों कंपनियों पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों का 30,000 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है। इससे पहले बंबई उच्च न्यायालय ने दोनों कंपनियों पर रिजर्व बैंक की कार्रवाई के खिलाफ श्रेई ग्रुप द्वारा दायर याचिका को सात अक्टूबर को खारिज कर दिया था। श्रेई ग्रुप ने अपनी दोनों कंपनियों के निदेशक मंडलों को हटाने और उनके खिलाफ दिवाला प्रक्रिया शुरू करने के केंद्रीय बैंक के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

## आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने ऊर्जा संकट दूर करने के लिए प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप का आग्रह किया

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने कोयला भंडार की कमी के कारण राज्य के सामने आ रहे गंभीर ऊर्जा संकट से निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने बिजली कटौती से उत्पन्न होने वाली अव्यवस्था को रोकने के लिए प्रधानमंत्री से कोयला और रेल मंत्रालयों को निर्देश देने का निवेदन किया कि वे तापीय बिजली संयंत्रों वाले राज्यों को 20 कोयला रैक आवंटित करें। साथ ही बैंकों को निर्देश दिया जाए कि वे वितरण कंपनियों को संकट टलने तक उदारतापूर्वक कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान करें। जगन ने प्रधानमंत्री को लिखे एक पत्र में कहा, ''आंध्र प्रदेश में, पिछले छह महीनों में बिजली की मांग में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और पिछले एक महीने में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके साथ कोयले की कमी देश के ऊर्जा क्षेत्र को संकट में डाल रही है।'

# टाटा संस के चेयरमैन चंद्रशेखरन ने कहा एयर इंडिया को बनाएंगे विश्व स्तरीय एयरलाइन

**नई दिल्ली।** टाटा संस आखिरकार एयर इंडिया को एक बार फिर से अपने नाम करने में कामयाब हो गई।

टाटा संस ने एयर इंडिया को खरीदने के लिए 18 हजार करोड़ की बोली लगाई थी।

बोली जीतने के बाद टाटा संस के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने इसे ऐतिहासिक क्षण करार दिया है और कहा कि समूह का लक्ष्य इसे एक विश्व स्तरीय एयरलाइन बनाना है जिस पर हर भारतीय गर्व महसूस करे।

उन्होंने कहा कि टाटा समूह को एयर इंडिया के लिए बोली के विजेता के रूप में घोषित होने पर हम खुश हैं। यह एक ऐतिहासिक क्षण है और हमारे समूह के लिए देश के नाम वाली एयरलाइन का स्वामित्व और संचालन करना



बहुत की सौभाग्य की बात है।

चंद्रशेखरन ने एक प्रेस स्टेटमेंट में कहा कि हम एक विश्व स्तरीय एयरलाइन का निर्माण करने का प्रयास करेंगे जो प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित करे। इस अवसर पर मैं भारतीय विमानन के अग्रणी जेआरडी टाटाको श्रद्धांजलि देना चाहता हूं। गौरतलब है कि कर्ज के बोझ से दबी एयर इंडिया को खरीदने के लिए टाटा संस की 18,000 करोड़ रुपए की बोली को सरकार ने स्वीकार कर लिया है। एयर इंडिया की शुरुआत टाटा ग्रुप ने ही की थी और 68 वर्ष पहले इसे सरकार को सौंप दिया गया था। एयर इंडिया को खरीदने की दौड़ में स्पाइसजेट के चेयरमैन अजय सिंह भी शामिल थे। उन्होंने इसके लिए व्यक्तिगत रूप से लगभग 15,100 करोड़ रुपए की बोली लगाई थी।

देश के गृहमंत्री अमित शाह की अगुवाई वाले मंत्रियों के पैनल ने टाटा संस की सब्सिडियरी मैसर्स पैलेस प्राइवेट लिमिटेड की एयर इंडिया के लगाई गई बोली को स्वीकृति दी।

## बिजली मंत्री ने एसजेवीएन से परियोजनाओं में घरेलू उत्पादों को प्राथमिकता देने को कहा

**नई दिल्ली।** बिजली मंत्री आर के सिंह ने सार्वजनिक क्षेत्र की एसजेवीएन लिमिटेड को अपनी सभी उत्पादन और पारेषण परियोजनाओं में घरेलू स्तर पर निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता देने को कहा।

बिजली मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है, ''केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने आज बिजली मंत्रालय के सचिव (विद्युत) और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एसजेवीएन लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कंपनी के कामकाज की समीक्षा की।'' बयान के अनुसार, मंत्री ने एसजेवीएन लिमिटेड को अपनी सभी उत्पादन और पारेषण परियोजनाओं में घरेलू रूप से निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता देने



और व्यापार विविधीकरण में तेजी लाने का निर्देश दिया।

बयान में कहा गया है कि नेपाल और भूटान में जलविद्युत परियोजनाओं के विकास पर विशेष बल दिया गया।

## टीसीएस का मुनाफा 14 फीसदी बढ़ा

**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंस्लटेंसी सर्विसेस (टीसीएस) ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 9624 करोड़ रुपए का लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि अर्जित लाभ की तुलना में 14.1 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने आज निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी वित्तीय लेखाजोखा में बताया कि सितंबर में समाप्त इस तिमाही में उसका कुल राजस्व पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 16.8 प्रतिशत बढ़कर 46867 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। निदेशक मंडल ने एक रुपए के शेयर पर सात रुपए का दूसरा अंतरिम लाभांश देने का प्रस्ताव किया है। कंपनी ने बताया कि इस तिमाही में उसने 19690 नए कर्मचारियों की भर्ती की है।




पहली छमाही 43 हजार नए कर्मचारी जुड़े हैं और उसके कुल कर्मचारियों की संख्या 528746 हो गई है।

## सेबी ने वीडियोकॉन में भेदिया कारोबार को लेकर एक व्यक्ति पर 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लि. के शेयर में भेदिया कारोबार नियमों में उल्लंघन को लेकर एक व्यक्ति पर 20 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। प्रदीप कुमार धूत, वेणुगोपाल धूत के करीबी रिश्तेदार हैं। संबंधित अवधि के दौरान वेणुगोपाल धूत वीडियोकॉन के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक थे। जांच में पाया गया कि प्रदीप ने भेदिया कारोबार निरोधक नियमों का उल्लंघन किया।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा, ''कीमत से जुड़ी अप्रकाशित संवेदनशील सूचना




(यूपीएसआई) रखने वाले व्यक्ति का यूपीएसआई अवधि और कारोबार बंद होने के समय शेयर खरीद-बिक्री करना सेबी भेदिया कारोबार निरोधक नियम, 2015 के खिलाफ है।' अधिकृत प्रतिनिधि प्रदीप कुमार धूत के पास कंपनी से जुड़ी संवेदनशील सूचना थी। उसने कंपनी के प्रवर्तक सीई इंडिया लि. की तरफ से यूपीएसआई अवधि के दौरान शेयर कारोबार किया। सेबी ने भेदिया कारोबार मामले की अप्रैल-सितंबर 2017 के बीच जांच की।

जांच में पाया गया है कि यूपीएसआई अवधि के दौरान वीडियोकॉन के कुछ प्रवर्तकों ने अपने शेयर बाजार से इतर दूसरी इकाइयों को हस्तांतरित किए और बाद में शेयर बाजार में बेचे गए।

सूचना वीडियोकॉन को देना बैंक से मिले ऋण को फंसे कर्ज (एनपीए) में वर्गीकृत किए जाने से जुड़ी थी। इस सूचना से कंपनी के शेयर पर प्रतिकूल असर पड़ता। मामले में दोषी पाए जाने पर प्रदीप पर 20 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

## विदेशी मुद्रा भंडार में फिर आई कमी

**मुंबई।** एक अक्तूबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.169 अरब डॉलर कम होकर 637.477 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। यह आयात को समर्थन देने के लिए आर्थिक संकट की स्थिति में अर्थव्यवस्था को बहुत आवश्यक मदद उपलब्ध कराता है। इससे पहले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 24 सितंबर 2021 को समाप्त सप्ताह में इसमें 99.7 करोड़ डॉलर की गिरावट आई थी और यह 638.646 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया था। उससे पहले तीन सितंबर 2021 को समाप्त सप्ताह में यह 8.895 अरब डॉलर बढ़कर 642.453 अरब डॉलर हो गया था।

**इसलिए आई गिरावट**

विदेशी मुद्रा भंडार में यह गिरावट विदेशी मुद्रा संपत्तियां (एफसीए) में कमी से आई है। एफसीए 1.28 अरब डॉलर घटकर 575.451 अरब डॉलर रह गई। विदेशी मुद्रा संपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी यूरो, पाउंड और येन जैसी दूसरी विदेशी मुद्राओं के मूल्य में वृद्धि या कमी का प्रभाव भी शामिल होता है।

**स्वर्ण भंडार में बढ़त**

इस दौरान देश का स्वर्ण भंडार 12.8 करोड़ डॉलर बढ़ा और 37.558 अरब डॉलर पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास मौजूद देश का विशेष आहरण अधिकार



(एसडीआर) 13.8 करोड़ डॉलर घटकर 19.24 अरब डॉलर रह गया। मालूम हो कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) अपने सदस्यों को बहुपक्षीय ऋण देने वाली एजेंसी में उनके मौजूदा कोटा के अनुपात में सामान्य एसडीआर का आवंटन करता है।

## एटीएम में पैसे की कमी से जुड़े नियम पर मंथन कर रहा आरबीआई, 10 हजार के जुर्माने का है प्रावधान

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर ने कहा कि आरबीआई एटीएम में समय से नोट नहीं डालने पर बैंकों को दंडित करने की अपनी योजना की समीक्षा कर रहा है। बैंकों से मिली प्रतिक्रिया के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। आरबीआई ने इस साल अगस्त में कहा था कि वह एटीएम में समय पर नोट डालने में विफल रहने के लिए बैंकों को दंडित करेगा।

एटीएम के जरिए जनता के लिए पर्याप्त नकदी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह योजना एक अक्टूबर 2021 से लागू की गई थी। शंकर ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''हमें विभिन्न प्रतिक्रियाएं



मिली हैं- कुछ सकारात्मक हैं और कुछ में चिंता जताई गई है। स्थान विशेष को लेकर कुछ मुद्दे हैं। हम सभी प्रतिक्रियाएं ले रहे हैं और समीक्षा कर रहे हैं और देखते हैं कि इसे कैसे सबसे अच्छी तरह लागू किया जा सकता है।'

उन्होंने कहा कि एटीएम खाली रहने पर जुर्माना लगाने के पीछे विचार यह सुनिश्चित करना है कि सभी एटीएम में हर समय नकदी उपलब्ध रहे, खासकर ग्रामीण और छोटे शहरों में। इस योजना के अनुसार किसी भी एटीएम में एक महीने में दस घंटे से अधिक समय तक कैश नहीं रहने पर प्रति एटीएम 10,000 रुपए का जुर्माना लगेगा।

# वर्ष 2020-21 में पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण 8.3 प्रतिशत, सभी राज्यों ने लक्ष्य हासिल किये

**नई दिल्ली।** पेट्रोल के साथ एथनॉल मिश्रण के लक्ष्य को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में हासिल किया गया है। नवंबर को समाप्त होने वाले विपणन वर्ष 2020-21 में यह मिश्रण स्तर लगभग 8.3 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह कहा।

वर्ष 2019-20 में पेट्रोल के साथ एथनॉल मिश्रण का स्तर पांच प्रतिशत था।

भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) के एक वेबिनार को संबोधित करते हुए, एचपीसीएल के कार्यपालक निदेशक सी




श्रीधर गौड़ ने कहा कि मौजूदा एथनॉल आपूर्ति वर्ष (दिसंबर से नवंबर) में एथनॉल मिश्रण स्तर पिछले दो वर्षों में पांच प्रतिशत के औसत से लगभग 8.2-8.3 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि एथनॉल मिश्रण कार्यक्रम पूरे देश में पहुंच गया है। गौड़ ने कहा, ''सिक्किम अंतिम राज्य था। चार दिन पहले, हम सिक्किम भी पहुंचे। सभी राज्यों में एथनॉल मिलाने का काम हो रहा है।'' गौड़ ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एथनॉल मिश्रण लक्ष्य को हासिल किया गया है। उन्होंने भरोसा जताया कि वर्ष 2021-22 एथनॉल आपूर्ति या विपणन वर्ष में पेट्रोल में 10 प्रतिशत मिलाने का स्तर हासिल कर लिया जाएगा।

## बादल बागरी ने भारती एयरटेल के सीएफओ पद से इस्तीफा दिया, सौमेन रे संभालेंगे जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** पेट्रोल के साथ एथनॉल मिश्रण के लक्ष्य को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में हासिल किया गया है। नवंबर को समाप्त होने वाले विपणन वर्ष 2020-21 में यह मिश्रण स्तर लगभग 8.3 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) के एक अधिकारी ने यह कहा। वर्ष 2019-20 में पेट्रोल के साथ एथनॉल मिश्रण का स्तर पांच प्रतिशत था।



भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) के एक वेबिनार को संबोधित करते हुए, एचपीसीएल के कार्यपालक निदेशक सी श्रीधर गौड़ ने कहा कि मौजूदा एथनॉल आपूर्ति वर्ष (दिसंबर से नवंबर) में एथनॉल मिश्रण स्तर पिछले दो वर्षों में पांच प्रतिशत के औसत से लगभग 8.2-8.3 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि एथनॉल मिश्रण कार्यक्रम पूरे देश में पहुंच गया है। गौड़ ने कहा, ''सिक्किम अंतिम राज्य था। चार दिन पहले, हम सिक्किम भी पहुंचे। सभी राज्यों में एथनॉल मिलाने का काम हो रहा है।'' गौड़ ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एथनॉल मिश्रण लक्ष्य को हासिल किया गया है। उन्होंने भरोसा जताया कि वर्ष 2021-22 एथनॉल आपूर्ति या विपणन वर्ष में पेट्रोल में 10 प्रतिशत मिलाने का स्तर हासिल कर लिया जाएगा।

## शिबा में 32 फीसदी का उछाल, निवेशकों ने की मूल्य में वृद्धि की भविष्यवाणी

**मुंबई।** Shiba Inu Coin ने एक बार फिर क्रिप्टोकरेंसी बाजार को चौंका दिया है। शनिवार को इसमें जबरदस्त उछाल आया है। यह 32.67 फीसदी बढ़कर 0.00002943 डॉलर यानी 0.00220725 रुपये पर कारोबार कर रही है।

आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, SHIB के रचनाकारों ने इसे डॉजक्वाइन से प्रेरणा लेकर बनाया था। हालांकि, शीबा इनु के रचनाकारों का उद्देश्य SHIB को केवल एक मजाक से अधिक बनाना था। SHIB टोकन एक ERC-20 है, जो इथेरियम नेटवर्क के साथ संगत है। शीबा इनु को इसके समुदाय द्वारा 'डॉजक्वाइन किलर' कहा गया है। टोकन को सिक्का धारकों के एक बड़े समुदाय द्वारा समर्थन मिला है। इसे रेडिट और ट्विटर जैसे सोशल मीडिया पर प्रचार किया गया है।

क्रिप्टो बाजार बहुत ही अस्थिर और अप्रत्याशित है। अक्सर क्रिप्टोकरेंसी, जिनके शीर्ष पर होने का कोई कारण नहीं है, उन्हें पंप दिया जाता है। हाल ही में टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और डॉजक्वाइन निवेशक एलन मस्क के एक ट्वीट के बाद शिबा में उछाला आया था। पहले मस्क द्वारा अपने नए पालतू कुत्ते 'Floki' की एक तस्वीर साझा करने के बाद शीबा की कीमत बहुत ही कम समय में आसमान छू गई थी।

# एलन मस्क-जेफ बेजोस के क्लब में हुए शामिल, दुनिया में 11वें सबसे अमीर शख्स

**मुंबई।** एशिया के सबसे रईस शख्स मुकेश अंबानी ने नया मुकाम हासिल किया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मालिक मुकेश अंबानी ने टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलन मस्क और अमेजर के संस्थापक जेफ बेजोस के साथ कम से कम 100 अरब डॉलर की संपत्ति वाले वेल्थ क्लब में अपनी जगह बना ली है।

**इतनी है अंबानी की संपत्ति**

अंबानी इस सूची में 11वें स्थान पर हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के अनुसार, इस साल मुकेश अंबानी की संपत्ति में 23.8 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, अब उनकी नेटवर्थ बढ़कर 100.1 अरब डॉलर हो गई है।

**रिलायंस के शेयर में आई**



**बढ़तः** बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का शेयर 98.70 अंकों यानी 3.84 फीसदी के उछाल के साथ 2670.85 पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार पूंजीकरण (बाजार हैसियत) 16,93,170.17 करोड़ रुपये हो गया है। एनएसई पर यह 96.80 अंकों यानी 3.76 फीसदी के उछाल के साथ 2,669.20 पर बंद हुआ। अगले हफ्ते रिलायंस का बाजार पूंजीकरण 17 लाख करोड़ रुपये का स्तर छू सकता है।

हाल ही में फोर्ब्स ने भारत के सबसे अमीर लोगों की सूची जारी की थी। 2021 में रिलायंस एंटरप्राइजेज के मालिक मुकेश अंबानी लगातार 14वें साल भारत के सबसे रईस शख्स बने रहे। साल 2008 से वे इस मुकाम पर हैं।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# आईपीएल 2021 प्लेऑफ : अनुभव के दम पर दिल्ली पर हावी होने की कोशिश करेगा चेन्नई

**दुबई (एजेंसी)।**

बड़े मैचों में खेलने का अपार अनुभव रखने वाले खिलाड़ियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रविवार को यहां होने वाले पहले क्वालीफायर में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत के मजबूत दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। दिल्ली की टीम लीग में 20 अंक लेकर सबसे ऊपर रही और जिससे उनके प्रदर्शन में निरंतरता का पता चलता है। कोविड-19 के कारण टूर्नामेंट बीच में स्थगित होने के बावजूद दिल्ली ने अपनी निरंतरता बनाये रखी थी।

चेन्नई ने पिछले साल चूकने के बाद फिर से प्लेऑफ में जगह बनायी है। उसने जिन 12 आईपीएल में हिस्सा लिया है उनमें से 11 बार उसकी टीम प्लेऑफ में पहुंची है। हालांकि आखिर में लगातार तीन मैच गंवाना उनके कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को नागवार गुजरा होगा। दिल्ली को भी अपना पिछला मैच गंवाना पड़ा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कोना भरत ने अंतिम गेंद पर छक्का जड़कर दिल्ली को इस मैच में झटका दिया था। इससे उनकी स्थिति पर असर नहीं पड़ा लेकिन उसका आत्मविश्वास जरूर डिगा होगा। चेन्नई अब तक आठ बार फाइनल में जगह बना चुका है जिनमें से तीन बार वह चैंपियन बना है। इससे पता चलता है कि टीम जरूरत के समय में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की क्षमता रखती है। चेन्नई अपने उम्रदराज अनुभवी खिलाड़ियों पर विश्वास करता रहा है और अपनी टीम में अधिक फेरबदल भी नहीं करता है।

रुतुराज गायकवाड़ अपवाद कहे जा सकते हैं जिनके बारे में यह कहा जा सकता है कि वह पिछले एक दशक में चेन्नई सुपर किंग्स की पहली देन हैं। धोनी का सिद्धांत स्पष्ट है जो आजमाये जा चुके हैं, जिन्हें अनुभव है उन पर भरोसा रखो और यही वजह है कि उनकी टीम में रविंद्र जडेजा, अंबाती रायुडु, सुरेश रैना, ड्वेन ब्रावो और फाफ डुप्लेसिस जैसे खिलाड़ी हैं। इनके अलावा जोश हेजलवुड और मोईन अली जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं और पूर्व भारतीय कप्तान धोनी को पता है कि वह किस तरह का संयोजन चाहते हैं। धोनी जानते हैं कि वह लंबे समय से अच्छी फॉर्म में नहीं हैं। उन्होंने 14 मैचों में केवल 96 रन बनाये। आईपीएल के दिग्गज सुरेश रैना भी 12 मैचों में 160 रन ही बना पाये लेकिन उनके पास गायकवाड़ (533 रन) और डुप्लेसिस (546 रन) जैसे बल्लेबाज है जिन्होंने टीम को अक्सर ठोस शुरुआत दिलायी है।

आखिरी ओवरों में जडेजा (227) अपनी बल्लेबाजी का कमाल दिखाते रहे हैं। इसी तरह से शार्दुल ठाकुर (14 मैचों में 18 विकेट) गेंदबाजी में कमाल दिखा रहे है लेकिन ड्वेन ब्रावो (12 विकेट) हमेशा की तरह उपयोगी योगदान देने के लिये तत्पर रहते हैं। हेजलवुड फॉर्म हासिल नहीं कर पाये थे लेकिन धोनी ने उन पर भरोसा बनाये रखा। दिल्ली कैपिटल्स ने भले ही लीग चरण में 10 मैच जीते लेकिन उनकी बल्लेबाजी में वैसा आत्मविश्वास नहीं



दिखा। पृथ्वी सॉव (401 रन) और शिखर धवन (544 रन) ने कुछ अच्छी पारियां खेली लेकिन यूएई चरण में उसके बल्लेबाज दबदबा नहीं बना पाये। कप्तान ऋषभ पंत (362 रन) टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाये। मार्कस स्टोइनिस के चोटिल होने के कारण उनकी टीम का संतुलन गड़बड़ाया।

शिमरोन हेटमायर ने डेथ ओवरों में अच्छी भूमिका निभायी लेकिन कोई अन्य बल्लेबाज ऐसा नहीं कर पाया। दिल्ली का मजबूत पक्ष उसकी गेंदबाजी है। अवेश खान (22 विकेट), अक्षर पटेल (15 विकेट), कैगिसो रबाडा (13 विकेट) और एनरिच नोर्किया (नौ विकेट) ने अब तक अपनी भूमिका बहुत अच्छी तरह से निभायी है।

# भारत की आयुषी और ऐश्वर्य ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस मिश्रित स्पर्धा का रजत जीता



**लीमा (एजेंसी)।**

आयुषी पोद्दार और ऐश्वर्य प्रताप सिंह की भारतीय जोड़ी ने शुक्रवार को आईएसएसएफ जूनियर निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस मिश्रित स्पर्धा का रजत पदक जीता।

आयुषी और एश्वर्य को जर्मनी की मैक्स ब्रान और एन्ना जानसेन के खिलाफ स्वर्ण पदक के मैच में 17-31 से हार मिली। भारतीय जोड़ी ने क्वालीफिकेशन में 590 के विश्व रिकार्ड से शीर्ष पर रहकर फाइनल के लिये क्वालीफाई किया था।

गुरूवार को रिदम सांगवान और विजयवीर सिद्धू की भारतीय जोड़ी ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। यह भारत ने शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की है।


सांगवान और सिद्धू ने थाईलैंड के कान्याकोर्न हिरुनफोम और श्वाकोन त्रिनिफाकरोन को 9-1 से हराकर भारत को चैंपियनशिप में 10वां स्वर्ण पदक दिलाया। भारत ने इस स्पर्धा का कांस्य पदक भी जीता।

तेजस्विनी और अनीश ने थाइलैंड के ही चाविसा पादुका और राम खामहेंग को 10-8 से पराजित करके कांसे का तमगा हासिल किया। जूनियर महिला 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में प्रसिद्धि महंत, निश्चल और आयुषी पोद्दार ने रजत पदक जीता।

उन्हें फाइनल में अमेरिका की एलिजाबेथ मैकगिन, लॉरेन जॉन और कैरोलिन टकर से 43-47 से हार झेलनी पड़ी। भारत के नाम पर अब 10 स्वर्ण, नौ रजत और चार कांस्य पदक दर्ज हैं। अमेरिका छह स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक लेकर दूसरे स्थान पर है।

## टी20 विश्व कप: मकसूद की जगह शोएब मलिक पाकिस्तान टीम में शामिल

**लाहौर।** ऑलराउंडर शोएब मलिक को शोएब मकसूद की जगह टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। मकसूद चोटिल होने के कारण बाहर हो गए जिसके बाद मलिक को टीम में लिया गया है। पीसीबी के मुख्य चयनकर्ता मोहम्मद वसीम ने बयान जारी कर कहा, मकसूद आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से बाहर होने की खबर से निराश हैं क्योंकि उन्होंने इस आयोजन के लिए कड़ी मेहनत की थी और वह शानदार फॉर्म में थे। हमें उनके लिए दुख है लेकिन चोटें खेल का हिस्सा हैं। मुझे यकीन है कि रिहेबिलिटेशन से गुजरने के बाद, वह भविष्य के कार्यों के लिए उपलब्ध होंगे। बयान में कहा, उनकी जगह टीम प्रबंधन से बातचीत के बाद हमने मलिक को टीम में शामिल करने का फैसला किया है। मुझे यकीन है कि मलिक का अनुभव पूरी टीम के काम आएगा। मलिक की कप्तानी में पाकिस्तान की टीम 2007 टी20 विश्व कप में उपविजेता रही थी। वह 2009 में खिताब जीतने वाली पाकिस्तानी टीम का भी हिस्सा थे। मलिक 2010 टी20 विश्व कप में शामिल नहीं थे। लेकिन उन्होंने 2012, 2014 और 2016 के संस्करण में हिस्सा लिया था।



**पाकिस्तान की टीम इस प्रकार है**

बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान (उपकप्तान), आसिफ अली, फखर जमान, हैदर अली, हैरिस रौफ, हसन अली, इमाद वसीम, मोहम्मद हफीज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम जूनियर, सरफराज अहमद (विकेटकीपर), शाहीन शाह अफरीदी और शोएब मलिक।

**रिजर्व:** खुशदिल शाह, शाहनवाज दहानी और उस्मान कादिर।

## अगर इंग्लैंड ने खराब शुरूआत की तो उनके लिए यह लंबा एशेज होगा: वॉन

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि जोए रूट के कप्तानी वाली इंग्लैंड की शुरूआत अगर खराब रही तो उनके लिए एशेज दौरा काफी लंबा होगा। वॉन ने कहा, मुझे लगता है कि इंग्लैंड की टेस्ट मैच टीम इस तरह की टीम है कि अगर वे अच्छी तरह खेलते हैं और अच्छा खेलते हैं, तो वे ठीक हैं। लेकिन अगर उनकी शुरूआत खराब हुई तो उनके लिए यह एक लंबा दौरा होगा। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि उन्होंने एशेज दौरे के लिए सशर्त मंजूरी दे दी है। वॉन जिनकी कप्तान में इंग्लैंड ने 2005 में एशेज सीरीज जीती थी उनका कहना है कि ऑस्ट्रेलिया इस सीरीज में क्लीन स्वीप भी कर सकता है। वॉन ने एबीसी स्पोटर्स से कहा, यह सीरीज 5-0 भी हो सकती है। ऑस्ट्रेलिया के पिछले चार दौरों में इंग्लैंड को दो बार 0-5 और एक बार 0-4 से हार मिली है। उन्होंने 2010-11 में 3-1 से सीरीज जीती थी। इंग्लैंड की टीम में ऑलराउंडर बेन स्टोक्स शामिल नहीं हैं जिनकी हाल ही में दूसरी बार उंगली की सर्जरी हुई है। जोफ्रा आर्चर भी कोहनी में चोट के कारण बाहर चल रहे हैं लेकिन वॉन का मानना है कि रूट अपनी बल्लेबाजी से प्रदर्शन कर सकते हैं।

# हलिया मैकग्रा बनीं टीम इंडिया की जीत में रोड़ा, ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट से जीता दूसरा टी-20 मैच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी तीन मैचों की टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में कंगारू टीम ने टीम इंडिया को 4 विकेट से हरा दिया है। भारतीय टीम से मिले 119 रनों के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलिया ने 5 गेंद शेष रहते हुए हासिल कर लिया। टीम की तरफ से तहलिया मैकग्रा ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए 33 गेंदों में 42 रनों की नाबाद पारी खेली और टीम को जीत तक पहुंचाया। भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन वह टीम की हार को नहीं टाल सकीं। इससे पहले टॉस हारकर बैटिंग करते हुए टीम इंडिया ने पूजा वस्त्रकार की नाबाद 37 रनों की पारी के बूते 20 ओवर में 9 विकेट गंवाकर 118 रन बनाए।

119 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में शिखा पांडे की गेंद पर एलिसा हीली महज 4 रन बनाकर क्लीन बोल्ड हो गईं। इसके बाद कप्तान मेग लेनिंग (15) ने बेथ मूनी के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 31 रन जोड़े, लेकिन राजेश्वरी गायकवाड़ ने कंगारू टीम की कैप्टन को चलता किया। एशले गार्डनर (1) और एलिसा पैरी (2) भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं। बेथ मूनी 34 रनों की अहम पारी खेलकर गायकवाड़ का दूसरा शिकार बनीं। एक छोर से लगातार विकेट गिरने के बावजूद मैकग्रा ने रनगति को बनाए रखा और टीम को जीत दिलाई। भारत की तरफ से राजेश्वरी गायकवाड़ ने सबसे ज्यादा तीन विकेट चटकाए।

इससे पहले टॉस जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लेनिंग ने भारतीय टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और मैच के पहले ही ओवर में स्मृति मंधाना महज 1 रन बनाकर आउट हो गईं। इसके बाद शेफाली वर्मा (3 रन) भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं। पहल टी-20 में बल्ले से धमाल मचाने वालीं जेमिमा रोड्रिग्स भी सिर्फ 7 रन बनाकर



पवेलियन लौटीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कुछ अच्छे शॉट्स लगाए, लेकिन वह 28 रन बनाने के बाद वेरहेम के स्पिन जाल में फंस गईं। आखिरी के ओवरों मे पूजा ने ताबड़तोड़ बैटिंग की और 37 रन बनाते हुए टीम को 118 के स्कोर तक पहुंचाया।

## हार्दिक ने अब तक एक भी गेंद नहीं फेंकी: रोहित

**अबु धाबी।** मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की फिटनेस पर कहा है कि उन्होंने अब तक एक भी गेंद नहीं फेंकी है। रोहित के इस बयान के बाद इस बात पर संशय पैदा हो गया है कि हार्दिक टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अपना स्थान बरकरार रख पाएंगे या नहीं। पांड्या ने आईपीएल 2021 में शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में 10 रन बनाए। लेकिन टी20 विश्व कप को देखते हुए उनकी गेंदबाजी की फिटनेस चिंता का विषय बनी हुई है। यूएई में आईपीएल 2021 के दूसरे चरण में पहले दो मुकाबले मिस करने के बाद हार्दिक मुंबई के लिए एक बल्लेबाज के तौर पर उतरे। ऑलराउंडर खिलाड़ी ने भारत में हुए टूर्नामेंट के पहले चरण में भी गेंदबाजी नहीं की थी। रोहित ने कहा, अगर हार्दिक की गेंदबाजी पर बात की जाए तो उन्होंने अबतक गेंदबाजी नहीं की है। फिजियो, ट्रेनर और मेडिकल टीम उनकी गेंदबाजी पर काम कर रहे हैं। अभी तक मुझे इतना पता है कि उन्होंने सिंगल गेंद भी नहीं फेंकी है। लेकिन हम चाहते हैं कि एक समय पर एक मैच लें और देखें वह कहां खड़े हैं। उन्होंने कहा, डॉक्टर, फिजियो ही इस बारे में अपडेट दे पाएंगे। बल्लेबाजी की बात की जाए तो उन्होंने थोड़ा निराश किया लेकिन हमें पता है कि उनमें क्या गुणवत्ता है। वह क्वालिटी खिलाड़ी हैं और इसमें कोई शक नहीं है।



# टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान के मैच को लेकर फैन ने रोहित से की खास गुजारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

क्रिकेट के खेल में फैन का रोल काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। मैदान पर फैन्स जो जोश खिलाड़ियों में भरते हैं उसके दम पर प्लेयर्स कई कीर्तिमान रच डालते हैं। कोरोना के असर खत्म होने के बाद आईपीएल 2021 के दूसरे लेग में दर्शकों को स्टेडियम में बैठकर मैच का लुत्फ उठाने का मौका मिल रहा है। शुक्रवार को मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच में खेले गए मुकाबले में इशान किशन और सूर्यकुमार ने अपनी तूफानी बैटिंग के दम पर तो खूब वाहवाही बटोरी ही, पर एक फैन भी अपने पोस्टर पर लिखे शब्दों के लिए खूब चर्चा में रहा। दरअसल, स्टैंड में मौजूद यह फैन भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 विश्व कप में होने वाले महामुकाबले को लेकर रोहित शर्मा से एक खास गुजारिश करता हुआ नजर आया। फैन ने अपने पोस्टर के जरिए रोहित शर्मा से भारत-पाकिस्तान मैच की दो टिकट का इंतजाम करने की रिक्वेस्ट करता हुआ नजर आया। कैमरामैन ने भारतीय फैन की इस गुजारिश को कैद किया और रोहित तक पहुंचाने की कोशिश की। बता दें कि टीम इंडिया को टी-20 विश्व कप के पहले ही मैच में पाकिस्तान से भिड़ना है और यह महामुकाबला 24 अक्टूबर को खेला जाना है। टी-20 विश्व कप हो या फिर 50 ओवर का वर्ल्ड कप पाकिस्तान की टीम आजतक भारत को इस आईसीसी इवेंट में एक भी मैच में नहीं हरा सकी है। ऐसे में कोहली की सेना इस रिकॉर्ड को दुबई में भी कायम रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। पाकिस्तान से भिड़ने के बाद टीम इंडिया की वर्ल्ड कप में अगली टक्कर न्यूजीलैंड से होगी। इसके बाद 3 नवंबर को भारत का सामना अफगानिस्तान से होना है। टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले विराट कोहली की अगुवाई में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ दो प्रैक्टिस मैच खेलकर अपनी तैयारियों का जायजा लेगी। भारत टी-20 विश्व कप को 2007 में एक दफा अपने नाम कर चुका है, जबकि 2014 में टीम ने फाइनल तक का सफर तय किया था। पाकिस्तान ने 2009 में इस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था।

## मुंबई के आईपीएल से बाहर होने के बाद टी20 विश्व कप पर ध्यान दे रहे हैं सूर्यकुमार

**अबु धाबी।** मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टीम के आईपीएल के इस सीजन से बाहर होने के बाद इसी महीने होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मुंबई ने शुक्रवार को हैदराबाद को 42 रनों से हराया था और ईशान किशन ने 84 तथा सूर्यकुमार यादव ने 82 रनों का योगदान दिया था। लेकिन नेट रन रेट के आधार पर मुंबई की टीम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी। सूर्यकुमार ने कहा, मैं अच्छा हूं जैसा होना चाहिए। अंत में शो जारी रहना चाहिए और जो भी हुआ हो चेहरे पर खुशी रहनी चाहिए। हमारे पास खोने के लिए कुछ नहीं है। हमने एक लक्ष्य रखा था जिसके पीछे हमें जाना था। पिच अच्छी थी। विजयी टीम होना अच्छा है। विश्व कप बड़ा टूर्नामेंट है। हम कुछ बदलाव नहीं कर सकते। प्रक्रिया और रूटीन सभी चीजें एक ही रहेंगी। मैं इसके लिए तैयारी कर रहा हूं। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि भले ही टीम टूर्नामेंट के अंत तक नहीं पहुंच पायी लेकिन वह अपने खिलाड़ियों का समर्थन करते रहेंगे। ईशान ने महज 16 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया था जो सबसे तेज था। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

# मैक्सवेल ने भरोसा दिलाया कि मैं बड़ा शॉट खेलकर मैच जिता सकता हूं: कोना भरत

**दुबई। (एजेंसी)।**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के नये स्टार खिलाड़ी कोना भरत ने कहा कि उनके वरिष्ठ साथी ग्लेन मैक्सवेल को उन पर पूरा भरोसा था कि वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में बड़ा शॉट खेलकर जीत दिला सकते हैं और यह विकेटकीपर बल्लेबाज आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर इस पर खरा उतरा। आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले भरत ने 52 गेंदों पर नाबाद 78 रन बनाये। उन्होंने दबाव में धैर्य बनाये रखा और अवेश खान की मैच की अंतिम गेंद पर छक्का जड़कर अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलायी। इस परिणाम का हालांकि अंकतालिका पर कोई असर नहीं पड़ा तथा दिल्ली 20 अंक लेकर शीर्ष पर रहा।

आरसीबी और चेन्नई सुपर किंग्स की टीम के समान 18 अंक रहे। चेन्नई ने बेहतर रन रेट के कारण दूसरा स्थान हासिल किया। भरत से पूछा गया कि आखिरी ओवर से पहले उनके बीच क्या



बातचीत हुई थी तो उन्होंने बताया कि कैसे मैक्सवेल ने उनका आत्मविश्वास बढ़ाया। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ 32 और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 44 रन की उपयोगी पारियां खेलने वाले भरत ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''आखिरी ओवर में मैंने और मैक्सी ने बात की कि हम किन क्षेत्रों में शॉट खेल सकते हैं। उन्होंने कहा कि गेंद को देखो और शॉट लगाओ। अंतिम तीन गेंदों में मैंने उनसे कहा कि क्या एक रन लेना है तो उन्होंने कहा कि तुम ही बड़ा शॉट खेलकर जीत दिला सकते हो। इससे मेरा काफी आत्मविश्वास बढ़ा।'' भरत ने कहा कि वह आखिरी ओवर से पहले बहुत अधिक नहीं सोचना चाहते थे।

उन्होंने कहा, ''मैं कई चीजों पर ध्यान देने के बजाय एक समय में एक गेंद पर ध्यान दे रहा था। मैंने चीजों को सरल बनाये रखा। हमने टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया और जीत दर्ज की।'' भरत आईपीएल के इस चरण में लगातार नंबर तीन पर खेलते रहे लेकिन टीम प्रबंधन ने उनसे कहा कि बल्लेबाजी क्रम में किसी भी समय बदलाव किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''हम किसी भी क्रम में खेलने के लिये तैयार हैं। इसके बारे में स्पष्ट तौर पर बताया गया है। हर कोई अपनी चुनौती के लिये तैयार है। मुझे नहीं लगता कि किसी तरह की संवादहीनता है। जब आपको मौका दिया जाता है तो आप अच्छा प्रदर्शन करके टीम को जीत दिलाना चाहते हो।

## प्लेऑफ के मुकाबले एकदम अलग, हमारा टूर्नामेंट अब शुरू हुआ: पोंटिंग

**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा है कि भले ही उनकी टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स को ग्रुप चरण में दो बार हराया है लेकिन प्लेऑफ के मुकाबले पूरी तरह अलग होते हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि उनका टूर्नामेंट अब शुरू हुआ है। दिल्ली का क्वालीफायर-1 में सामना चेन्नई से रविवार को दुबई में होगा। फ्रेंचाइजी की जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पोंटिंग ने कहा, मुझे लगता है कि हमें बहुत आश्वस्त होना चाहिए। हमने लीग मैचों में उन्हें दो बार हराया है, लेकिन जैसा कि आप जानते हैं, प्लेऑफ खेल पूरी तरह से अलग हैं, और हमारा टूर्नामेंट वास्तव में अब शुरू होता है। उन्होंने कहा, हम सुनिश्चित करेंगे कि हम चेन्नई के खिलाफ खुद को सही मानसिकता में लाएं। वे भी एक बहुत अच्छी टीम हैं, वे पूरे टूर्नामेंट में हमारे साथ बराबरी पर रहे हैं। हम एक प्लेइंग ग्रुप के रूप में और एक फ्रेंचाइजी के रूप में उनका पूरा सम्मान करते हैं। पोंटिंग का मानना है कि दुबई में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ लीग चरण के फाइनल मैच में दिल्ली की हार से उनकी टीम को गलतियों पर विचार करने और क्वालीफायर-1 से पहले उसमें सुधार करने का मौका मिला है।



# बाथ टब में नहाओ

**जब बच्चे बाथ टब में नहाते हैं तो सभी को अच्छा लगता है। आप भी अपने बच्चों को बाथ टब में नहलाइये फिर देखिए कितना आनंद आता है।**

बच्चों को अगर पानी मिल जाए तो बात ही क्या है। ऐसा कोई बच्चा नहीं होता जिसे पानी में छई-छप-छई करना अच्छा नहीं लगता। समय के अभाव में हम सभी को रोज-रोज बच्चों को वॉटर पार्क ले जाने का भी समय नहीं निकलता। ऐसे में बच्चों के फेवरेट कार्टून कैरेक्टर में अगर पानी के बड़े-बड़े टब मिल जाएं तो क्या कहने। इससे खेलने का खेलना भी हो जाता है और बाहर भी नहीं निकलना पड़ता। यह बाथिंग टब आपको कहीं भी मिल जाएंगे। इन दिनों बच्चों के रंगीन बाथिंग टब को आप सड़क किनारे कहीं भी देख सकते हैं। इन रंगीन टब को देखते ही बच्चों के चेहरे खिल जाते हैं।

## बाथ टब के फायदे

बाथ टब में नहाने से एक तो बच्चों को पानी में छपा-छई करने का मौका मिलता है वहीं दूसरी ओर अपने फेवरेट कार्टून केरेक्टर के साथ खेलने का भी। एक तरह से यह मिनी स्विमिंग पुल होता है। बाथ टब में नहाकर छोटे बच्चे घर में ही वॉटरपार्क का लुत्फ उठा सकते हैं। बाजार में आपको बाथ टब 400 रुपए के शुरुआती दाम से 1500 रुपए तक की कीमत में आसानी से मिल जाएगा। घर में यह टब होने से आपके बच्चे मनभर कर पानी खेल सकते हैं। इन टब को आप अपने घर के स्पेस के अनुसार खरीद सकते हैं। साथ ही फोल्डेबल होने पर इन्हें आप उठा कर रख भी सकते हैं।

## क्या आप जानते हैं?

मधुमक्खी के एक छत्ते में 20,000 से 80,000 तक मधुमक्खियां हो सकती हैं।

चंदबरदाई को हिन्दी का पहला कवि और उनकी रचना पृथ्वीराज रासो को हिन्दी की पहली रचना होने का गौरव प्राप्त है।

दुनिया में चीनी का वार्षिक उत्पादन 13.4 मीट्रिक टन होता है जब कि नमक का 21 करोड़ टन, यानी चीनी से डेढ़ गुना ज्यादा।

नील नदी की लंबाई (650 किलोमीटर) पृथ्वी की त्रिज्या (6400 किलोमीटर) से भी अधिक है। अभी नए अनुसंधानों से पता लगा है कि आमेजन इससे भी ज्यादा लंबी नदी है।

भारतीय मसालों के लोकप्रिय निर्माता और निर्यातक प्रतिष्ठान एमडीएच का पूरा नाम महाशियां दी हट्टी है।

संयुक्त अरब अमीरात की जनसंख्या में प्रवासी नागरिकों का प्रतिशत 85 है, जिनमें 40 प्रतिशत लोग भारतीय हैं।

कर्नाटक के हरिहर नगर स्थित हरिहरेश्वर मंदिर की प्रतिमा आधी विष्णु और आधी शिव के रूप में हैं।

## तेनाली राम के किस्से

# जासूस सेवक

**राजा** कृष्णदेव की सेना ने कई राज्यों को अपने अधीन कर लिया था। उनके वर्चस्व से घबराकर बीजापुर के सुल्तान ने अपने एक सेवक को जासूस बनाकर विजयनगर भेजा। उस जासूस की योजना थी कि राजमहल में ही राजा की हत्या कर दी जाए। इसके लिए ब्राह्मण का भेष धरा। राजमहल में दरबार लगा था। तिलकधारी ब्राह्मण धारा-प्रवाह संस्कृत के श्लोकों से सभी को प्रभावित कर रहा था। कृष्णदेव तो इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने ब्राह्मण को अपने महल में ही ठहरने का स्थान दे दिया। तेनाली को यह सब उचित नहीं लगा। वे उस समय तो कुछ नहीं बोला मगर उस ब्राह्मण पर नजर रखने लगा। कुछ ही दिनों में तेनाली को ऐसा संकेत मिल गया कि वह ब्राह्मण राजा के विषय में व्यक्तिगत जानकारियां ले रहा है। तेनाली ने राजा को सचेत किया। एक बार ब्राह्मण की अनुपस्थिति में उसके कमरे की सफाई करते समय तेनाली भी वहां मौजूद था। उसने देखा और पूरा विश्वास हो गया कि यह ब्राह्मण के भेष में कोई जासूस है। तेनाली ने राजा से कहा-महाराज! ब्राह्मण, ब्राह्मण नहीं है।' राजा ने पूछा-'क्या मतलब?' 'यही कि महाराज यह कोई अन्य धर्म का मानने वाला है। यह आपसे छल कर रहा है,' तेनाली बोला। 'यदि तुम यह सिद्ध कर दो तो तुम्हें पुरस्कार मिलेगा', राजा ने कहा। उसी दिन तेनाली और राजा ने रात के समय उस ब्राह्मण के कमरे में प्रवेश किया। एक सैनिक भी उनके साथ था जिसके हाथ में गरम पानी की बाल्टी थी। तेनाली के आदेश पर सैनिक ने गरम पानी की बाल्टी को ब्राह्मण पर उड़ेल दिया। वह लगा उछलने और 'अल्लाह-अल्लाह' चिल्लाने लगा। राजा समझ गए यह बीजापुर के सुल्तान का जासूस है जो भेष बदलकर यहां छिपा हुआ था। राजा को देखते ही जासूस ने उन पर वार किया जिसे राजा के सैनिक ने अपनी तलवार पर रोक लिया। राजा ने एक ही वार से जासूस का वध कर दिया। अगली प्रात: पूरे नगर में चर्चा थी कि तेनाली के कारण राजा की जान बच गयी।



# मिक्की और डोनाल्ड सिखाएंगे अंग्रेजी

**डिजनी** के फेमस कार्टून कैरेक्टर मिक्की माउस और डोनाल्ड डक अब सिर्फ बच्चों का मनोरंजन ही नहीं करेंगे, बल्कि उन्हें शिक्षा भी देंगे। मिक्की माउस और डोनाल्ड डक को चीन के बच्चों को अंग्रेजी सीखाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। फेवरेट कार्टून कैरेक्टर के जरिए हर साल तकरीबन डेढ़ लाख बच्चों को अंग्रेजी सिखाने का लक्ष्य रखा गया है। डिजनी पब्लिशिंग वर्ल्डवाइड के रसेल हैम्पटन ने बताया कि कार्टून कैरेक्टर से अंग्रेजी सिखाने का फंडा काफी लाभदायक साबित हो रहा है। दुनिया भर में चीन में सबसे अधिक अंग्रेजी शिक्षण के प्राइवेट सेक्टर खुल रहे हैं। इसलिए प्रारंभिक तौर पर चीन के बच्चों को कार्टून कैरेक्टर के माध्यम से अंग्रेजी सिखाने का प्रोजक्ट शुरू किया गया है। अंग्रेजी के बढ़ते चलन के कारण बच्चों को इसका ज्ञान देना पैरेंट्स के लिए जरूरी हो गया। आमतौर पर अंग्रेजी के ट्यूशन पर काफी खर्चा आता है और इसके साथ ही बच्चों को घर से बाहर भी जाना पड़ता है, लेकिन अब कार्टून कैरेक्टर के जरिए बच्चे बिना किसी खर्च के घर बैठे अंग्रेजी सीख पाएंगे। इससे बच्चों और उनके पैरेंट्स दोनों को काफी सहूलियत होगी।



# इन बातों का रखो ध्यान

**तुम** किसी के भी घर जाते हो तो सबसे पहले वहां के लोग तुम्हारी एक्टिविटीज से तुम्हारे बेसिक मैनर्स को समझ जाते हैं। तभी तो कई लोगों को तुमने कहते सुना होगा कि वह बच्चा कितना समझदार है, उसके पेरेंट्स ने उसे कितने अच्छे मैनर्स सिखाएं हैं। इसलिए यह जरूरी है कि तुम्हें भी सभी बेसिक मैनर्स आएं, जिससे सब तुम्हारी और तुम्हारे मम्मी-पापा की तारीफ करें। तो कहीं भी जाओ, इन बातों का ध्यान रखो-

अगर किसी के कमरे का दरवाजा बंद है तो पहले दरवाजे पर नॉक करो और जवाब आने का इंतजार करो, फिर ही कमरे में घुसो।

अगर तुम्हें किसी से कुछ लेना है तो पहले सामने वाले से पूछो। खुद से उस वस्तु को मत उठा लो। हां, उसे वह चीज वापस करने का वादा भी करो। इस बात का भी ध्यान रखना कि टाइम पर चीज को वापस कर दो।

किसी की परमिशन के बिना उसकी पर्सनल चीजों को मत छेड़ो या खोलकर देखो। ये बहुत ही बुरी आदत मानी जाती है।

किसी की डायरी या खत मत पढ़ो।

घर की बातों को घर में ही रखो। अगर मम्मी-पापा के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई है या घर का बिजनेस ठीक नहीं चल रहा है या आपका भाई पढ़ने में अच्छा नहीं है, इस तरह की बातों को दूसरे के सामने मत बोलो।

सबसे जरूरी है कि अपना काम खुद ही करो। बाथरूम, टॉयलेट, किचन और टीवी रूम से निकलने से पहले उसे पहले की तरह साफ करके निकलो। पूरे घर में जूठे बर्तन मत फैलाओ। अपनी भीगी तौलिया खुद धूप में डालो।

पब्लिक प्लेस पर किसी का मजाक मत उड़ाओ। इससे सामने वाले को बहुत दुख होता है। मजाक उड़ाने से पहले ये जरूर सोचो कि अगर कोई तुम्हारा मजाक बनाएगा तो तुम्हें कैसा लगेगा।

# कृत्रिम पत्ती बनाएगी बिजली

**मैसाचुसेट्स** इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों के दल ने सिलिकॉन, इलेक्ट्रॉनिक्स, निकल और कोबाल्ट जैसे विभिन्न उत्प्रेरकों की सहायता से एक ऐसी कृत्रिम पत्ती का निर्माण किया है, जो सूरज की रोशनी और पानी से ऊर्जा पैदा करती है।

दरअसल, यह पत्ती सूरज की रोशनी का इस्तेमाल करके पानी को उसके घटकों हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में तोड़ देती है, जिनका इस्तेमाल बिजली पैदा करने में किया जा सकता है। इन पत्तियों की सहायता से भारत जैसे विकासशील देश में एक घर की प्राथमिकता जरूरत भर की बिजली पैदा की जा सकती है।

## जरूरत की बिजली

इस दल का लक्ष्य अब कम से कम कीमत वाला एक ऐसा उपकरण बनाने का है, जिसे कोई भी अपने घर की छत पर या आसपास लगाकर प्राथमिक जरूरत की बिजली प्राप्त कर सके। जापान में सुनामी आने के बाद जिस तरह परमाणु विकिरण फैला, उससे सभी देशों में परमाणु संयंत्रों के खतरे को लेकर चीख पुकार मची हुई है और जर्मनी जैसे देशों ने तो परमाणु संयंत्रों की स्थापना को लेकर अपने कान पकड़ लिए है। इस पृष्ठभूमि में नई खोज एक वरदान की तरह सामने आई है।

## खतरा भी ज्यादा

कोयले के भंडारों के कम होने और जल विद्युत के उत्पादन से होने वाले नुकसान, बल्कि पर्यावरणीय खतरे को ध्यान में रखते हुए दुनिया परमाणु ऊर्जा के विकल्प की ओर गई है, जो अपेक्षा स्वच्छ मानी जाती है, लेकिन इसका खतरा सभी तरह से ऊर्जा के मुकाबले कहीं ज्यादा है। ऐसे में सौर ऊर्जा ओर पवन ऊर्जा जैसे वैकल्पिक स्त्रोतों पर दुनिया भर में ध्यान दिया जा रहा है।

## बदल जाएगी किस्मत

कृत्रिम पत्ती के जरिए इस तरह वैकल्पिक ऊर्जा तैयार करने से दुनिया की किस्मत बदल जाएगी और तेज गति से आर्थिक विकास कर रहे भारत और चीन को तो सुदूर बसे अपने गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से खास फायदा होगा। तब गांव-कस्बे के हर घर का अपना पावर-हाउस होगा। आकाश में बिजली के तड़कने से ही इतनी बिजली पैदा होती है कि दुनिया को उसका संरक्षण करना आ जाए तो वर्षों तक बिजली की कमी नहीं रहेगी।

## सार समाचार

### अफगान मस्जिद पर आत्मघाती हमला 'बड़ी त्रासदी' : अमेरिका

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका ने उत्तरी अफगानिस्तान में एक मस्जिद पर हुए आत्मघाती हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह एक बहुत बड़ी त्रासदी है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने शुक्रवार को अपने नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'जाहिर है, कोई भी नुकसान बड़ी त्रासदी होता है और हमारी संवेदना उन परिवारों के साथ है जिन्होंने अपनों को खोया है। साकी ने कहा, 'हम निश्चित रूप से क्षेत्र के नेताओं के साथ साझेदारी में काम करना जारी रखेंगे ताकि उन लोगों को अफगानिस्तान से बाहर निकाल सकें जो हमारे पक्ष में खड़े हैं, जो वहां से निकलना चाहते हैं। यह कुछ ऐसा है कि यहां हम बात कर रहे हैं और वहां इस पर काम चल रहा है।' एक अलग बयान में, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि अमेरिका उत्तरी अफगानिस्तान में एक मस्जिद में नमाजियों पर शुक्रवार को किए गए हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता है। प्राइस ने कहा, हम मृतकों और उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। अफगान लोग आतंक मुक्त भविष्य के हकदार हैं। इस्लामिक स्टेट के आत्मघाती हमलावर ने शुक्रवार को उत्तरी अफगानिस्तान में शिया मुस्लिम नमाजियों से भरी एक मस्जिद पर हमला किया, जिसमें कम से कम 46 लोग मारे गए और कई घायल हो गए।

### आईएस ने अफगानिस्तान में मस्जिद पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली

काबुल। आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने अफगानिस्तान में मस्जिद में हुए बम धमाके की जिम्मेदारी ली है। उत्तरी अफगानिस्तान में शिया मुस्लिम नमाजियों से भरी एक मस्जिद में शुक्रवार को हुए विस्फोट में कम से कम 46 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गये। आईएस से जुड़ी अमाक समाचार एजेंसी ने कुंदुज प्रांत में मजिस्द में दोपहर की नमाज के दौरान हुए विस्फोट की घटना के कुछ घंटे बाद इस दावे की जानकारी दी।

### हांगकांग में चक्रवाती तूफान, इमारत का मचान गिरने से एक व्यक्ति की मौत

हांगकांग। हांगकांग में एक निर्माणाधीन इमारत से लगा बांस का मचान चक्रवाती तूफान के चलते गिर गया और इस घटना में एक श्रमिक की मौत हो गई जबकि अन्य लोग वहां फंस गये। स्थानीय मीडिया में आई खबर में कहा गया है कि मचान गिरने के बाद दो कारों में फंसे निर्माण कार्य श्रमिक और कुछ अन्य लोगों को आपात कर्मियों ने बचा लिया। हांगकांग वेधशाला ने बताया कि चक्रवाती तूफान लॉयनरॉक के तहत 38 मील प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चली। चीन में भी प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय और चीन मौसम विज्ञान प्रशासन ने शांक्सी, सिचुआन और गानसु प्रांतों सहित उत्तर और पश्चिम हिस्से में संभावित भूस्खलन और बाढ़ की चेतावनी जारी की है।

### चीन के शेनजी में भारी बारिश से करीब 55,000 लोगों को निकाला गया

बीजिंग। चीन के शेनजी प्रांत में भारी बारिश के बाद करीब 55,000 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और 60 कोयला खदानों का परिचालन बंद कर दिया गया है। प्रांतीय आपातकालीन प्रबंधन विभाग के अनुसार, प्रांत के बड़े हिस्से में हाल ही में हुई बारिश के कारण जल स्तर बढ़ गया है और कई स्थानीय नदियों में बाढ़ आ गई है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों ने 372 गैर-कोयला खदानों, 14 खतरनाक-रासायनिक उद्यमों, 1,000 से अधिक निर्मा ण परियोजनाओं और 166 दर्शनीय स्थलों में परिचालन निलंबित कर दिया है। प्रांत ने प्राकृतिक आपदाओं के लिए एक स्तर 3 आपातकालीन प्रतिक्रिया भी जारी की है और गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में आपदा राहत के लिए 20 मिलियन युआन ( 3 मिलियन डॉलर) आवंटित किया है।

### इराक संसदीय चुनावों के लिए शुरूआती मतदान में 69 प्रतिशत वोट डाले गए

बगदाद। इराकी अधिकारियों ने इस रविवार को मध्यावधि संसदीय चुनाव से पहले 69 प्रतिशत वोटिंग के साथ शुरूआती मतदान की सफलता की घोषणा की। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, स्वतंत्र उच्च चुनाव आयोग (आईएचईसी) में आयुक्त बोर्ड के अध्यक्ष, न्यायाधीश जलील अदनान खलाफ ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शुक्रवार के शुरूआती मतदान में भागीदारी सफल विधायी चुनावों की शुरूआत का संकेत दे रही है। खलाफ ने जोर देकर कहा कि शुरूआती मतदान के दौरान कोई अनियमितता दर्ज नहीं की गई और शुरूआती मतदान के परिणामों को रविवार के मध्यावधि चुनाव के परिणाम के साथ जोड़ा जाएगा, जिसकी घोषणा आम चुनाव की समाप्ति के 24 घंटे बाद की जाएगी। हालांकि, इसकी आधिकारिक वेबसाइट पर पोस्ट किए गए आईएचईसी के एक बयान से पता चला है कि 1,196,524 में से 821,800 मतदाताओं ने अपने मत डाले, जो देश भर में शुरूआती मतदान करने वाले मतदाताओं का 69 प्रतिशत है। इराक के सुरक्षा बलों, कैदियों और विस्थापित लोगों के लिए शुरूआती मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और शाम 6 बजे समाप्त हुआ। इराकी संसदीय चुनाव, जो मूल रूप से 2022 के लिए निर्धारित किए गए थे, भ्रष्टाचार के खिलाफ महीनों के विरोध और सार्वजनिक सेवाओं की कमी के जवाब में उन्नत रहे। चुनाव आयोग के अनुसार, लगभग 2.4 करोड़ इराकी विधायिका में 329 सीटों के लिए व्यक्तिगत रूप से चल रहे 3,249 उम्मीदवारों और 167 पार्टियों और गठबंधनों के लिए अपने मतपत्र डालने के लिए पात्र हैं।



# कार्बन उत्सर्जन कम करने का लक्ष्य समानता के सिद्धांत पर आधारित हो : भारत

**संयुक्त राष्ट्र। (एजेंसी)।**

भारत ने इस बात का विशेष रूप से उल्लेख किया है कि 2050 तक शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने का लक्ष्य समता के सिद्धांत पर आधारित होना चाहिए जहां विकासशील देशों को उनके संबंधित सतत विकास मार्ग पर आगे बढ़ने देने के मद्देनजर विकसित देशों को कार्बन उत्सर्जन के मुकाबले कार्बन अवशोषण बढ़ाना चाहिए। शून्य उत्सर्जन (नेट जीरो) का मतलब है कि दुनिया वायुमंडल में में किसी तरह का नया उत्सर्जन नहीं कर रही है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने जोर देकर कहा है कि 2030 तक उत्सर्जन आधा हो जाना चाहिए और 2050 तक किसी भी सूरत में शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य पूरा कर लिया जाना चाहिए ताकि पेरिस जलवायु समझौते के तहत वैश्विक तापमान वृद्धि 1.5 सेल्सियस से अधिक न बढ़ने देने के निर्धारित लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टी एस तिरुमूर्ति ने शुक्रवार को कहा, 'शून्य उत्सर्जन के सिद्धांत पर चर्चा हो रही है लेकिन इसके निहितार्थों को समझना भी जरूरी है। वैश्विक स्तर पर शून्य उत्सजर्न साझा लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारी और समानता के सिद्धांत पर आधारित होना चाहिए, जहां विकासशील देश अपने-अपने सतत विकास पथ को देखते हुए बाद में उत्सर्जन के चरम पर पहुंचेंगे।' संकट, सामान्य स्थिति तक पहुंचने की क्षमता और पुनर्प्राप्ति - 2030 एजेंडा की ओर तेजी से प्रगति पर दूसरी समिति की संयुक्त राष्ट्र महासभा की आम बहस में उन्होंने कहा, परिणामस्वरूप, विकासशील देशों के विकास के लिए 2050 में कार्बन स्थल को विकासशील देशों के लिए जगह खाली करने के लिए, विकसित देशों को वास्तव में अपने उत्सर्जन को ऋणात्मक (नेट माइनस) करना चाहिए।'

तिरुमूर्ति ने कहा, 'यदि विकसित देश केवल व्यक्तिगत तौर पर शून्य उत्सर्जन कर रहे हैं, तो हम वास्तव में पेरिस लक्ष्यों को प्राप्त करने से बहुत दूर जा रहे हैं। और समान रूप से, विकसित देशों को पहले यह दिखाना होगा कि वे 2050 के बारे में चर्चा करने से पहले वे अपनी 2030 की प्रतिबद्धताओं को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं।' भारत ने जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र रूपरेखा सम्मेलन (यूएनएफसीसीसी) के आसपास निर्मित समावेशी और व्यापक संरचना से केवल लाभकारी चीजें चुनने से दूर रहने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। इस सम्मेलन पर सभी सदस्य-राज्यों ने बातचीत की और सहमति जताई है। उन्होंने कहा, 'कुछ को सभी के लिए निर्णय नहीं लेना चाहिए। भारत ऐसे किसी भी प्रयास का समर्थन नहीं करेगा जो सदस्य-राष्ट्र संचालित प्रक्रिया के विरुद्ध हो और विकासशील देशों के हित में न हो।' पिछले महीने 76वें महासभा सत्र के इतर ऊर्जा पर संयुक्त राष्ट्र उच्च स्तरीय वार्ता 2021 में एक वीडियो बयान में, विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने कहा था कि जहां राष्ट्र ऊर्जा संक्रमण, ऊर्जा पहुंच और वित्त पर चर्चा कर रहे हैं, मैं विभिन्न देशों के ऊर्जा उपभोग और राष्ट्रीय परिस्थितियों के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील होने के महत्व को दोहराना चाहूंगा। सभी के लिए एक जैसा समाधान सही नहीं हो सकता है।' तिरुमूर्ति ने इस बात पर भी जोर दिया कि विकसित देशों द्वारा जलवायु कार्रवाई के लिए 100 अरब डॉलर प्रदान करने की प्रतिबद्धता हासिल करने में अभी भी एक बड़ा अंतर मौजूद है। उन्होंने कहा, 'यह राशि एनएफएल द्वारा मीडिया अधिकारों पर अर्जित राशि से कम है। फिर भी हम 100 अरब डॉलर जुटाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, हालांकि हम दावा करते हैं कि यह एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण मुद्दा है! इसलिए, अब समय आ गया है कि हम जलवायु कार्रवाई के बारे में गंभीर हों, विशेष रूप से विकसित देश।' तिरुमूर्ति ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन जैसी भारत की पहल वैश्विक जलवायु साझेदारी में भारत के योगदान के उदाहरण हैं।

# अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद पहली बार होगी तालिबान से वार्ता, इन मुद्दों पर चर्चा की संभावना

**काबुल। (एजेंसी)।**

अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता स्थापित हो चुकी है और इसके बाद पहली बार अमेरिका और तालिबान के बीच वार्ता होनी है। आपको बता दें कि अमेरिकी अधिकारी शनिवार और रविवार को तालिबान के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। जिसका मुख्य उद्देश्य विदेशी नागरिकों और उन अफगान लोगों को अफगानिस्तान से बाहर निकालना है जिनके ऊपर खतरा मंडरा रहा है। दरअसल, अफगानिस्तान से अमेरिका की वापसी के साथ ही तालिबान ने वहां के प्रांतों पर कब्जा करना शुरू कर दिया था और 15 अगस्त को तालिबान ने काबुल में स्थिति राष्ट्रपति भवन की तरफ कूच की। जिसके चलते अमेरिकी समर्थित अशरफ गनी सरकार गिर गई और 30 अगस्त को अमेरिकी सेना की पूरी तरह से घरवापसी हो गई।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तालिबानी प्रवक्ता सुहैल शाहीन ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि वार्ता के दौरान उस शांति समझौते पर भी बात होगी जो तालिबान ने साल 2020 में वाशिंगटन के साथ किया था। इसी समझौते के परिणामस्वरूप अफगानिस्तान से अमेरिकी बलों की वापसी हुई है।

**अमेरिका के साथ होगी बैठक**

सुहैल शाहीन ने कहा कि हां, बैठक होने वाली है। यह द्विपक्षीय संबंधों और दोहा समझौते को लागू करने के बारे में है। वहीं इस बैठक में आतंकवाद का मुद्दा उठाया जा सकता है। आपको बता दें कि तालिबान के साथ वार्ता में अमेरिका दबाव बनाने की कोशिश करेगा कि तालिबान महिलाओं, बच्चियों और अफगानि लोगों के हितों का ध्यान रखें और उनके अधिकारों का सम्मान करें। अमेरिका विदेशी मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि अमेरिका तालिबान पर ज्यादा लोगों के समर्थन से समावेशी सरकार बनाने का जोर देगी। गौरतलब है कि विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा था कि तब से अमेरिका द्वारा 105 अमेरिकी नागरिकों और 95 ग्रीन कार्ड धारकों को अफगानिस्तान से निकाला गया है।

# अनिश्चितकाल के लिए बंद नहीं किया जा सकता सिंगापुर, प्रधानमंत्री ली का बयान



**सिंगापुर। (एजेंसी)।**

प्रधानमंत्री ली सियन लूंग ने शनिवार को कहा कि सिंगापुर को अनिश्चितकाल के लिए बंद नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के मामलों में स्थिरता आने के बाद 'नए सामान्य' को अपनाने में तीन से छह महीने का वक्त लगेगा। वैश्विक महामारी के विषय पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए ली ने कहा कि आने वाले कुछ समय में देश को संक्रमण के अनेक मामले देखने के लिए तैयार रहना चाहिए। हालांकि, सिंगापुर को अनिश्चितकाल के लिए लॉकडाउन या बंद नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा, ''इस नए सामान्य को अपनाने में कम से कम तीन महीने और संभवत÷ छह महीने तक का वक्त लग सकता है।'' लॉकडाउन की संभावना के बारे में ली ने कहा, ''यह काम का नहीं है और यह महंगा भी पड़ेगा। जीवन सामान्य करना, सामाजिक गतिविधियों में शामिल होना, सीमाएं खोलना और अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकना...यह सब नहीं हो पाएगा।

इससे मनोवैज्ञानिक एवं भावनात्मक तनाव और मानसिक थकान होगी।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि नए सामान्य से उनका मतलब पाबंदियों में ढील देना और उनकी जगह हल्के-फुल्के उपाय करना है। उन्होंने कहा कि चाहे यह महसूस हो या नहीं लेकिन हम नए सामान्य की ओर निरंतर बढ़ रहे हैं।

# लीक हुई अमेरिकी जासूसों की खुफिया लिस्ट, चीन, ईरान और पाकिस्तान में जा रही सीआईए एजेंट्स की जान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

जासूसी की दुनिया में बहुत कुछ होता है। आपका सच जमाने के सामने न आए नहीं तो आपकी जान को और आपके परिवार की जान को खतरा हो सकता है। हर एजेंसी के पास रिकॉर्ड होता है कि किस देश में कौन से जासूस हैं और क्या काम कर रहे हैं इसकी लिस्ट होती है। ये लिस्ट लीक हो जाए तो तमाम तरीके से उनकी जान को खतरा हो जाता है। बहुत सारी हॉलीवुड की फिल्में आई हैं जिसमें ये दिखाया गया है कि जासूसों कि गोपनीय लिस्ट लीक हो गया और वो एक-एक कर मारे जाते हैं। आज की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। सुपरपॉवर मुल्क कहे जाने वाला अमेरिका ऐसी ही समस्या से दो चार हो रहा है। दरअसल, किसी भी दुश्मन को मात देने के लिए उसकी ताकत और कमजोर की पूरी जानकारी का होना जरूरी है। किसी भी टारगेट को खत्म करने के लिए जरूरी है उसकी सटीक लोकेशन का पता करना। किसी भी देश के लिए ऐसी तमाम जानकारी उसकी खुफिया एजेंसी लाती है। अमेरिका ने अगर दुनिया में अपनी बादशाहत कायम रखी है तो उसकी एक वजह उसकी खुफिया एजेंसी सीआईए भी है। लेकिन अब सीआईए का मिशन और उसका नेटवर्क खतरे में है। अचानक सीआईए के एजेंट्स चुन-चुनकर खत्म किए जा रहे हैं। आखिर ऐसा क्या हुआ कि सीआईए के हर एजेंट्स पर खतरा मंडराने लगा।

**कई जासूस खत्म किए जा चुके**

सीआईए यानी सेंट्रल इनवेंस्टिगेशन एजेंसी जिसे दुनिया की सबसे घातक खुफिया एजेंसी और अमेरिका की सबसे बड़ी ताकत माना जाता है। लेकिन दुनियाभर में कई सरकारों का तख?तापलट करने वाली अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए इन दिनों बड़े संकट का सामना कर रही है। कोई है जो एजेंट्स का पीछा करता है। उसे एजेंट्स के मूवमेंट की सटीक जानकारी होती है। वो घात लगाकर एजेंट्स का इंतजार करता है और फिर बड़ी खामोशी से उन्हें खत्म कर देता है। ऐसा एक बार नहीं कई बार हो चुका है और कई जासूस खत्म किए जा चुके हैं।

**चीन और ईरान बना रहा निशाना?**

सीआईए ने जब इसकी तहकीकात शुरू की तो चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। अमेरिकी अखबार में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक चीन और ईरान जैसे देशों को सीआईए के एजेंट्स की जानकारी मिल चुकी है। अमेरिका के दुश्मन अब सीआईए एजेंट्स की हत्या कर रहे हैं। सीआईए एजेंट्स के नेटवर्क से जुड़े मुखबिरों को भी खत्म किया जा रहा है। सीआईए ने अपने सभी एजेंट्स को सीक्रेट तरीके से चेतावनी दी है। उन्हें सावधान रहने और अपने सूत्रों से दूर रहने को कहा गया है। सीआईए का मानना है कि कुछ अमेरिकी लोगों ने ईरान और चीन को उसके एजेंटों के बारे में सूचना दी जिससे ये जासूस उनकी पकड़ में आ गए। यही नहीं प्रतिद्वंदी खुफिया एजेंसियां बायोमिट्रीक स्कैन, चेहरे को पहचानने वाली तकनीक, एआई और हैकिंग तकनीक का इस्तेमाल करके सीआईए अधिकारियों पर नजर रख रहे हैं ताकि उनके सूत्रों की जानकारी की जा सके।

# स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण की उपलब्धता अब बना मानवाधिकार, संयुक्त राष्ट्र ने दी मान्यता

**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।**

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने सुरक्षित, स्वच्छ, स्वस्थ और सतत पर्यावरण को मानवाधिकार के रूप में मान्यता दे दी है। औपचारिक रूप से जलवायु परिवर्तन और इसके विनाशकारी परिणामों के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में यह महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। कुछ महत्वपूर्ण देश जिसमें अमेरिका और ब्रिटेन भी शामिल है कि आलोचना के बावजूद यह प्रस्ताव भारी बहुमत के साथ पारित किया गया। संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार परिषद ने स्वच्छ पर्यावरण प्रस्ताव को पारित किया। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में मानव अधिकारों की निगरानी के लिए एक विशेषज्ञ की नियुक्ति करने वाले प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गई। प्रस्ताव में देशों से पर्यावरण में सुधार करने की अपनी क्षमताओं को बढ़ाने की भी बात कही गई है।



प्रस्ताव पर सबसे पहली बार 1990 में चर्चा की गई थी। जलवायु मुकदमे में शामिल वकीलों का मानना है कि उन्हें इससे पर्यावरण और मानवाधिकारों से जुड़े मामलों में तर्क देने में मदद मिल सकती है। मानवाधिकार और पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र में विशेष दूत डेविड बॉयड ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह दुनिया में जीवन बदलने वाला साबित हो सकता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वैश्विक पर्यावरणीय संकट के कारण हर साल 9 बिलियन से अधिक लोग समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाते हैं। कोस्टा रिका, मालदीव, मोरक्को, स्लोवेनिया और स्विटजरलैंड द्वारा यह प्रस्ताव रखा गया था जो जिसे 43 मतों के साथ पारित किया गया। रूस ने आपत्ति दर्ज की जबकि चीन, इरीट्रिया, भारत और जापान अनुपस्थित रहे।

ह्यूमन राइट्स वॉच में संयुक्त राष्ट्र एडवोकेसी (पक्षधरता) की उप निदेशक लूसी मैककर्नन ने वैश्विक पर्यावरण संकट से निपटने में मदद करने के लिए स्वच्छ पर्यावरण उपाय को महत्वपूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर इस अधिकार को मान्यता देने से स्थानीय समुदायों को पर्यावरण विनाश के खिलाफ आजीविका, स्वास्थ्य और संस्कृति की रक्षा करने में मदद मिलेगी और सरकारों को यह मजबूत और बेहद सुसंसगत पर्यावरण संरक्षण कानूनों और नीतियों को बनाने में मदद करेगी। वहीं एक अन्य प्रस्ताव में 'विशेष प्रतिवेदक' का पद तीन साल के लिए सृजित किया गया है, जो अन्य चीजों के साथ इस बात की निगरानी करेगा कि जलवायु परिवर्तन कैसे मानवाधिकारों को प्रभावित करता है। इस प्रस्ताव के लिए 42-1 से मतदान हुआ।

# हिंद-प्रशांत और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा के लिए भारत और अमेरिका के रक्षा अधिकारियों की बैठक

**वाशिंगटन (एजेंसी)।**

भारत और अमेरिका के वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों ने द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी और क्षेत्रीय मुद्दों के साथ-साथ एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत को बनाए रखने के लिए समान सोच वाले भागीदारों के साथ सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा करने के लिए यहां मुलाकात की। पेंटागन ने कहा कि अमेरिका-भारत रक्षा नीति समूह की 16वीं बैठक ने इस साल के अंत में होने वाली महत्वपूर्ण 'टू-प्लस-टू' मंत्रिस्तरीय वार्ता की नींव रखी जिसके साथ ही अमेरिका और भारत द्वारा प्रमुख रक्षा भागीदारी में एक नया अध्याय शुरू किया। शुक्रवार को हुई बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव अजय कुमार और नीति के लिए अवर रक्षा मंत्री कॉलिन कहल ने की।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल एंटन टी सेमलरॉथ ने कहा, ÷वार्ता ने द्विपक्षीय प्राथमिकताओं की एक महत्वाकांक्षी व्यवस्था को आगे बढ़ाया जिसमें सूचना-साझेदारी, उच्च गुणवत्ता का समुद्री सहयोग, साजो-सामान और रक्षा व्यापार शामिल हैं, जो अमेरिका और भारत के बीच फलते-फूलते रक्षा संबंधों को दर्शाता है।÷ उन्होंने बताया कि अमेरिकी और भारतीय अधिकारियों ने दक्षिण एशिया और हिंद महासागर क्षेत्र सहित साझा हित के क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत को बनाए रखने के लिए समान विचारधारा वाले भागीदारों के साथ सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर भी चर्चा की।



सेमलरॉथ ने कहा, ÷नेताओं ने अंतरिक्ष और साइबर जैसे नए रक्षा क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने सहित एक साथ निर्बाध रूप से अधिक काम करने के लिए अमेरिका और भारतीय सेनाओं के बीच संयुक्त सहयोग और साथ मिलकर काम करने की क्षमता को गहरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

# ड्रैगन की धमकी : ताइवान पर बाहरी दखल बर्दाश्त नहीं, हर हाल में ताइवान को चीन में मिलाकर रहेंगे



**बीजिंग। (एजेंसी)।**

ताइवान और चीन के पुनः एकीकरण की जोरदार वकालत करते हुए चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने शनिवार को कहा कि 'ताइवान प्रश्न'का मुद्दा सुलझाया जाएगा और इसमें ' किसी विदेशी हस्तक्षेप' को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शी की यह टिप्पणी चीन द्वारा लगातार चार दिन ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में बड़ी संख्या में युद्धक विमान भेजे जाने के बाद आई है। ताइवान खुद को एक संप्रभु राज्य मानता है लेकिन चीन इसे एक अलग प्रांत के स्वायत्तशासी द्वीप के रूप में देखता है। चीन ने एकीकरण करने के लिए संभावित बल के इस्तेमाल से इनकार नहीं किया है।

शी ने एक आधिकारिक उत्सव के मौके पर यहां के ग्रेट हॉल में कहा कि चीन के पुनः एकीकरण के रास्ते में 'ताइवन स्वतंत्रता'बल मुख्य बाधक है। वह चीन में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के महासचिव भी हैं। उन्होंने कहा कि ताइवन का प्रश्न चीनी राष्ट्र की कमजोरी और अराजक स्थिति की वजह से पैदा हुआ और इसे सुलझाया जाएगा ताकि पुनर्एकीकरण वास्तविकता बन सके। शी ने कहा, '' यह चीनी इतिहास की सामान्य प्रवृत्ति से निर्धारित होता है, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सभी चीनियों की सामान्य इच्छा है।''

वर्ष 1911 में हुये चीनी क्रांति की 110 वीं वर्षगांठ के मौके पर इस उत्सव का आयोजन किया गया था। चीनी क्रांति के बाद किंग राजवंश को सत्ता से बाहर कर सन यात सेन के नेतृत्व में चीनी गणराज्य की स्थापना की गई। वहीं 10 अक्टूबर को ताइवान में राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। चीन और ताइवान के शासन पद्धति में भी अंतर है। चीन में एक दलीय शासन प्रणाली है जबकि ताइवान में बहुदलीय लोकतंत्र है। शी 2012 में देश की सत्ता पर काबिज हुए और चीन का कायाकल्प किया और चीनी सपने को पूरा किया तथा चीन के मुख्य हिस्से में ताइवान को जोड़ना उनके मुख्य लक्ष्यों में से एक है। पिछले सप्ताह ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में 150 युद्ध विमान घुस गए थे, जिसको लेकर अमेरिका ने गहरी चिंता व्यक्त की। इस घटनाक्रम के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शी को याद दिलाया कि पिछले महीने फोन पर हुई बातचीत के दौरान उन्होने 'ताइवान समझौते' का पालन करने पर सहमति जताई थी। शी ने अपने संबोधन में कहा कि ताइवान का प्रश्न चीन का आंतरिक मामला है और इसमें किसी विदेशी हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शी ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से एकीकरण ताइवान के हमवतन समेत संपूर्ण चीनी राष्ट्र के हित में है। ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन ताइवान की स्वतंत्रता की समर्थक हैं। शी ने कहा कि वे लोग जो स्वतंत्रता की वकालत कर रहे हैं, वे इतिहास की नजर में दोषी रहेंगे।

**सार समाचार**

## प्रियंका की रैली को लेकर तैयारियां जोरों पर, वाराणसी में कांग्रेसियों ने डाला डेरा

वाराणसी। जगतपुर इंटर कॉलेज के मैदान में उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी की रविवार को होने वाली रैली कार्यक्रम को लेकर सभा स्थल में तैयारियां जोरों से चल रही है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के द्वारा दस अक्तूबर को जगतपुर इंटर कॉलेज के मैदान पर होने वाली रैली किसानों को न्याय दिलाने और उनकी लड़ाई पर केंद्रित होगी। जिसके दौरान रैली को भव्य बनाने के लिए वाराणसी में डेरा डाले नेता और स्थानीय कांग्रेसजन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं शुक्रवार को जगतपुर में कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद राजेश मिश्रा के साथ कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं सह प्रभारी उत्तर प्रदेश राजेश तिवारी तथा राष्ट्रीय सचिव बाजीराव खाड़े, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव गांधी पंचायती राज संगठन उत्तर प्रदेश पूर्वी जोन नरसिंह नारायण त्रिपाठी इत्यादि पार्टी के वरिष्ठ लोगों ने सभा स्थल की तैयारियों का निरीक्षण किया। सभास्थल पर मंच निर्माण के साथ ही बैरिकेडिंग का काम भी जारी है। कार्यकर्ताओं के प्रवेश, निकास और सुरक्षा इंतजाम पर भी कांग्रेस नेताओं ने मंथन किया।

## लखनऊ से मुंबई आ रही पुष्पक एक्सप्रेस में युवती से सामूहिक बलात्कार, चार पकड़े गए

मुंबई। महाराष्ट में मध्य रेलवे के मार्ग पर इगतपुरी और कसारा स्टेशनों के बीच लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन में कुछ लुटेरों ने 20 वर्षीय एक महिला के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। यह जानकारी पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को दी। मुंबई जीआरपी के पुलिस आयुक्त कैसर खालिद ने कहा कि कथित अपराध तब किया गया जब एक्सप्रेस ट्रेन घाट खंड से गुजर रही थी। खालिद ने एक ट्वीट करके घटना और पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने कहा, ''आरोपी इगतपुरी (औरंगाबाद रेलवे जिले) में लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस के स्लीपर बोगी डी -2 में सवार हुए और रात के दौरान ट्रेन के घाट क्षेत्र से गुजरने के दौरान अपराध को अंजाम किया।'' उन्होंने कहा कि ट्रेन के कसारा पहुंचने पर यात्रियों ने मदद मांगी। उन्होंने कहा कि जीआरपी मुंबई के अधिकारी और कर्मचारियों ने तत्काल कदम उठाया। उन्होंने कहा कि अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने एक और ट्वीट में कहा, ''पीड़िता बीस साल की है और उसे हमारी महिला अधिकारी द्वारा मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया है। वह ठीक है। हम सभी सबूत एकत्र कर रहे हैं। हमारी टीम आरोपियों से पूछताछ कर रही है। हम उनके पिछले रिकॉर्ड की जांच कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि पुलिस उपायुक्त और अपराध शाखा की एक टीम अपराध की जांच कर रही है।

## यूपीएससी की तैयारी करने वाली युवती राजेंद्र नगर में फांसी के फंदे से लटकी मिली

नयी दिल्ली। मध्य दिल्ली के राजेंद्र नगर में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा की तैयारी करनेवाली 25 वर्षीय युवती फांसी से लटकी मिली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि युवती की पहचान आकांक्षा मिश्रा के रूप में की गयी है और वह छत से फांसी के फंदे से लटकी मिली। पुलिस उपायुक्त (मध्य) श्वेता चौहान ने बताया कि इसकी खबर शुक्रवार को 11 बजकर 50 मिनट पर मिली और घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। अधिकारी ने बताया कि घर का दरवाजा अंदर से बंद था। उन्होंने बताया कि प्राथमिक तौर पर युवती के शव पर बाहरी जख्म के निशान नहीं हैं। उन्होंने बताया कि उसकी गर्दन पर बंधन का निशान है। चौहान ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है।

## संघ प्रमुख मोहन भागवत तीन दिवसीय उत्तराखंड की यात्रा पर हल्द्वानी पहुंचे



देहरादून। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) के सर संघचालक मोहन भागवत तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर हल्द्वानी पहुंचे जहां वह प्रांत स्तर के पदाधिकारियों और प्रचारकों के साथ बैठक करेंगे। संघ से जुड़े सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार देर रात हल्द्वानी पहुंचे भागवत शनिवार और रविवार को संघ के प्रांतीय स्तर के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। रविवार शाम को उनका हल्द्वानी के स्वयंसेवकों के परिजन के साथ परिवार मिलन कार्यक्रम है जबकि 11 अक्टूबर को वह प्रदेश में संघ के सभी प्रचारकों के साथ बैठक करेंगे। सूत्रों ने बताया कि भागवत 11 अक्टूबर को दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

## जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में सुरक्षाकर्मियों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के श्रीनगर स्थित चानापुर क्षेत्र में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मेथान इलाके में तड़के सुरक्षा बलों ने घेराबंदी करके तलाशी अभियान प्रारंभ किया और इसी दौरान यह मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पुलिस ने बताया कि पास के नातीपुर इलाके में मुठभेड़ स्थल से एक आतंकवादी के फरार होने के बाद यह तलाशी अभियान शुरू किया गया। शुक्रवार को गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया था।

# हिमंत बिस्व सरमा का प्रियंका पर तंज, बोले- फर्श पर झाड़ू लगाना रोजमर्रा का काम है




नई दिल्ली (एजेंसी)।

उत्तर प्रदेश में हाल ही में हिरासत के दौरान फर्श पर झाड़ू लगाने के लिये उन पर कटाक्ष करते हुये असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शनिवार को कहा कि यह कोई खबर कैसे है, क्योंकि कमरे की सफाई करना तो किसी के भी दैनिक काम काज का हिस्सा है। इंडिया टुडे कॉन्क्लेव 2021 में हिस्सा लेते हुए सरमा ने कहा कि भारत बदल चुका है और लोग नेताओं के इस तरह के 'मंच प्रबंधन' पर कोई ध्यान नहीं देंगे। सरमा ने पूछा, '' मुझे नहीं पता कि एक महिला का झाड़ू लगाना खबर कैसे है? यह भारत के परिवारों में आम घरेलू कार्य है। मैंने अपनी मां को झाड़ू लगाते देखा है। क्या आपने अपनी मां को झाड़ू लगाते नहीं देखा है?''

असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हिरासत के दौरान प्रियंका गांधी वाद्रा द्वारा ऐसा किया जाना 'मंच प्रबंधन' था वरना वीडियो शूट करने के लिए वहां फोटोग्राफर कैसे मौजूद हो सकता है। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में रविवार को वाहनों के काफिले द्वारा कुचले जाने से मारे गए किसानों के परिवारों से मुलाकात के लिये जाने के दौरान प्रियंका गांधी को सीतापुर में सोमवार को हिरासत में ले लिया गया था। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा वाहनों के इस काफिले में कथित तौर पर मौजूद थे और पुलिस ने उनके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

सीतापुर में एक अतिथिगृह में हिरासत के दौरान प्रियंका एक वीडियो में फर्श पर झाड़ू लगाती दिखी थीं। सरकारी जमीन से अतिक्रमणकारियों को बेदखल करने के असम सरकार के कदम के संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि जमीन खाली कराने की प्रक्रिया चाहे वह मूल लोगों के खिलाफ हो या प्रवासी मुसलमानों के खिलाफ हो, यह राज्य सरकार की भूमि नीति के अनुसार जारी रहेगी। उन्होंने कहा, '' हम 1,000 परिवारों को 77,000 एकड़ जमीन हड़पने की अनुमति नहीं दे सकते। खाली कराने की प्रक्रिया जारी है।''

असम के दरांग जिले में जमीन खाली कराने के अभियान के दौरान दो लोगों की मौत और इनमें से एक शव के साथ किए गए बर्ताव की लोगों, राजनीतिक दलों और सामाजिक समूहों ने निंदा की थी। सरमा ने कहा कि असम में कई लोग स्वतंत्रता पूर्व से यह मानते रहे हैं कि प्रवासी मुसलमान जमीन अतिक्रमण, मूल लोगों की संस्कृति और पहचान खत्म होने के पीछे की मुख्य वजह हैं। उन्होंने कहा कि प्रवासी मुसलमानों को मूल लोगों के इस तरह के विश्वासों को खत्म करना चाहिए। प्रवासी मुसलामनों के वोट नहीं चाहने के संबंध में की गई विवादास्पद टिप्पणी के बारे में पूछने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वह जानते हैं कि यह समुदाय भाजपा को वोट नहीं देता है और और ऐसे में वह उन्हें लुभाने पर समय खर्च नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा कि मैंने एक समझौता किया। वे हमारे लिए मतदान नहीं करेंगे इसलिए मैं उनके इलाकों में प्रचार करने नहीं जाऊंगा। लेकिन उनके इलाकों में विकास के सभी कार्य करूंगा।

## हैदराबाद के कुछ हिस्सों में भारी बारिश, तमाम गाड़ियों सहित 2 लोग भी बहे, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**नयी दिल्ली।** तेलंगाना में शुक्रवार शाम से हैदराबाद और मेडचल-मलकजगिरी और रंगारेड्डी जिलों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई, जिससे सड़कें जलमग्न हो गईं और घरों और व्यवसायिक केंद्रों में पानी भर गया। एसीपी के पुरुषोत्तम ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि मूसलाधार बारिश के मद्देनजर नालों के ओवरफ्लो होने के बाद हैदराबाद में कम से कम दो लोग बह गए। उन्हें बचाने के लिए तलाशी अभियान जारी है। शहर में जनजीवन ठप हो गया है, जहां लगातार बारिश के कारण गलियां और सड़कें जलमग्न हो गई हैं, निचले इलाकों में कई फीट बारिश का पानी भर गया है। एएनआई द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कल रात पुराने शहर के इलाके में एक टेंपो ट्रक को बहते हुए दिखाया गया है। बारिश का पानी पुराने शहर के एक भोजनालय में भी घुस गया, जहां बारिश से बचने के लिए संरक्षक और लोग टखनों तक गहरे पानी में बैठे हुए थे। शहर के कई हिस्सों में वाहनों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है, जबकि पैदल चलने वालों के पास जलभराव वाली सड़कों से गुजरने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, जैसा कि वनस्थलीपुरम में देखा गया है। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के प्रवर्तन, सतर्कता और आपदा (ईवीडीएम) विंग ने ट्विटर पर एक अलर्ट जारी किया, जिसमें लोगों से यात्रा के दौरान सावधानी बरतने का आग्रह किया गया।

# कानून हाथ में लेने की छूट किसी को नहीं, लेकिन दबाव में कोई कार्रवाई नहीं होगी: योगी

लखनऊ/गोरखपुर (एजेंसी)।

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर की घटना के आरोपी तथा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा 'टेनी' के बेटे की गिरफ्तारी की विपक्ष की मांग पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि कानून हाथ में लेने की छूट किसी को नहीं है, लेकिन किसी के दबाव में कोई कार्रवाई नहीं होगी।

योगी ने शुक्रवार को गोरखपुर में एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में कहा, ''लखीमपुर खीरी की घटना दुःखद और दुर्भाग्यपूर्ण हैं, सरकार उसकी तह तक जा रही है। लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है, जब कानून सबको सुरक्षा प्रदान करने की गारंटी दे रहा है, तो किसी को भी अपने हाथ में कानून लेने का अधिकार नहीं है, चाहे वह कोई भी हो।''

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा 'टेनी' की ओर से दिए गए एक ''धमकी भरे बयान'' के सवाल पर योगी ने कहा, ''राजनीतिक भाषण और धमकी, दोनों में अंतर होता है। राजनीतिक भाषण राजनीतिक मंचों से होता है और यह केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का कोई नेता ही दे रहा हो, ऐसा नहीं है।''

उन्होंने कहा कि तमाम अन्य नेता भी राजनीतिक भाषण देते हैं, लेकिन इसका ये मतलब नहीं कि आप किसी की हत्या कर दें। उन्होंने लखीमपुर में विपक्षी दलों के नेताओं को पीड़ित परिवारों से मिलने न दिये जाने पर कहा, हमारे विपक्ष के जो मित्रगण थे, वे कोई सद्भावना के दूत नहीं थे और उनमें से कई चेहरे तो ऐसे हैं जो इस उपद्रव और इस हिंसा के पीछे भी शामिल हैं।

एक बार तथ्य सामने आने दीजिए, हम दूध का दूध और पानी का पानी, सबके सामने रखेंगे। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा के पुलिस हिरासत में लिये जाने के बाद सीतापुर पीएसी के अतिथि गृह में झाड़ू लगाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, जनता उन्हें इसी लायक (झाड़ू लगाने लायक) बनाना चाहती है।

योगी ने खीरी यात्रा के मुद्दे पर विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा, ''कांग्रेस पार्टी ने कोरोना वायरस काल में एक हजार बसों के नाम पर ट्रक और स्कूटर के नंबर दे दिए थे और मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि जब पहली और दूसरी लहर में उनकी जरूरत थी, तो वे लोग कहां थे। उस समय केवल भाजपा कार्यकर्ता और सरकार ही लोगों के साथ खड़ी थी।''

योगी ने आरोप लगाया, विपक्षी नेता हिंदुओं और सिखों के बीच दरार पैदा करना चाहते थे, इसलिए मैं कहता हूं कि आंखें खोलो और उनका असली चेहरा देखो। उन्होंने कहा, ''छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और पंजाब के मुख?यमंत्री अपना राज?य संभाल नहीं पा रहे हैं, लेकिन यहां राजनीति करने आ रहे हैं। उन्हें लखीमपुर के बारे में कोई जानकारी नहीं है, लेकिन चाकरी करनी है तो पीछे-पीछे चले आए।''

गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र के पुत्र को बचाने की कोशिश के सवाल पर उन्होंने कहा, ''ऐसा कोई वीडियो नहीं है। हमने नंबर भी जारी किया है कि अगर किसी के पास कोई साक्ष्य है, तो उसे इस पर अपलोड करें। अन?याय किसी के साथ नहीं होगा। कानून को हाथ में लेने की छूट किसी को नहीं होगी, लेकिन किसी के दबाव में भी कोई कार्रवाई नहीं होगी।''

उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि गिरफ्तारी से पहले आपके पास पर्याप्त साक्ष्य भी होने चाहिए। उन्होंने कहा, ''हम किसी व्यक्ति के आरोप पर अनावश्यक किसी को गिरफ्तार भी नहीं करेंगे, लेकिन हां अगर कोई दोषी है तो उसे छोड़ेंगे भी नहीं, चाहे वह कोई भी व्यक्ति क्यों न हो।''

मुख्यमंत्री ने कहा, ''हमने पूरे उत्तर प्रदेश में यही किया है। जिनके खिलाफ भी साक्ष्य मिले हैं, हमने उनके खिलाफ कार्रवाई करने में कोई गुरेज नहीं किया। लखीमपुर खीरी की घटना में भी सरकार यही कर रही है।'' समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी पर आरोप लगाया है कि मुख?यमंत्री केवल फीता काटते हैं, समझौता पत्रों पर हस्ताक्षर करते हैं लेकिन एक रुपये भी निवेश उत्तर प्रदेश में नहीं आया।

अखिलेश यादव के इस आरोप के जवाब में योगी ने कहा, अखिलेश जी के पास इन बातों को जानने का समय नहीं है, क्योंकि वह एक अमीर आदमी के बेटे हैं। वह दोपहर 12 बजे सोकर उठते हैं और दो बजे तक तैयार होकर चार बजे अपने दोस्तों से मिलते हैं। जब लोगों को उनकी जरूरत थी, तब वह ऑस्ट्रेलिया और लंदन की यात्रा कर रहे थे। ऑस्ट्रेलिया में द्वीप खरीदे होंगे, वहां आराम की जिंदगी जिएं, उन?हें कौन रोक रहा है।

## लखीमपुर में मारे गए भाजपा कार्यकर्ताओं पर राकेश टिकैत ने कहा, वह हत्या में नहीं आता, वह एक्शन का रिएक्शन था



नयी दिल्ली। (एजेंसी)।

लखीमपुर खीरी में हुई हिंसा में 8 लोगों की मौत हुई थी। इन 8 लोगों में चार किसान थे जबकि बाकी भाजपा कार्यकर्ता बताए जा रहे हैं। एक पत्रकार की भी मौत हुई थी। जानकारी के मुताबिक यह दावा किया जा रहा है कि भाजपा नेता की गाड़ी से पहले किसानों को कुचला गया जिसके बाद उनकी मौत हो गई। इसके बाद वीडियो वायरल हो रहा है। उसे साफ तौर पर दिखाई दे रहा है कि कुछ लोग 1-2 लोगों को घेरकर लाठी से मार रहे हैं। माना जा रहा है कि ऐसे ही किसानों ने भाजपा कार्यकर्ता को मारा है। हालांकि उसकी पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल जांच की जा रही है। लेकिन यह लगातार पूछे जा रहे हैं कि अगर 4 लोग जिनकी मौत हुई थी वह किसान थे तो बाकी जो लोग मरे वह कैसे मरे?

बाकी लोगों के मौत के तरीकों को लेकर किसानों पर लगातार सवाल उठाए जा रहे है। इसी सवाल के जवाब में राकेश टिकैत ने बड़ा बयान दिया है। राकेश टिकैत ने साफ तौर पर कहा कि वह एक्शन का रिएक्शन था। उसकी कोई प्लानिंग नहीं थी। संवाददाता सम्मेलन में राकेश टिकैत ने कहा कि वे कौन थे जो गाड़ी में थे, जिन्होंने लोगों को मारा... जिन्होंने बाद में लाठी से हमला किया वह एक्शन का रिएक्शन है। कोई योजना नहीं है। वो हत्या में नहीं आता, हम उन्हें दोषी नहीं मानते। टिकैत ने आगे बताया कि 15 अक्टूबर को पुतला दहन होगा। 18 अक्टूबर को 6 घंटे ट्रेन रोकी जाएगी। 26 अक्टूबर को बैठक होगी और पूरे देश में उनकी कलश यात्राएं निकलेंगी।

## एन बीरेन सरकार ने महिलाओं को और अधिक सशक्त किया, नड्डा बोले- बीजेपी के बटन के चलते राज्य में आई शांति



इंफाल। (एजेंसी)।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दो दिवसीय मणिपुर दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने राजधानी इंफाल में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मेरा यह सौभाग्य है कि मुझे मणिपुर में आप सबसे दर्शन करने का मौका मिला है। यह भूमि जो पूज्य भूमि है, धर्म की भूमि है, जहां भगवान गोविंदा जी, महाबलि जी और राधा श्याम जी का मंदिर हो, ऐसी भूमि को मैं नमन करता हूं।

उन्होंने कहा कि यह वीरभूमि भी है। यहां के योद्धाओं ने समय-समय पर इस क्षेत्र की रक्षा के लिए और भारत में आजादी की लड़ाई में विशेष योगदान दिया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मणिपुर भाजपा के नेतृत्व में एन बीरेन सिंह जी के नेतृत्व में मुख्यधारा की ओर चल पड़ा है। वहीं जेपी नड्डा ने अपने भव्य स्वागत को चुनाव का आगाज बताया। उन्होंने कहा कि पिछला चुनाव याद करना लोगों को जरूरत की चीज नहीं मिलती थी।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, कमीशन, अपराधीकरण हमारे यहां सरकार बनाने से पहले मणिपुर में रोजाना होता था। अपहरण के मामले पुलिस थानों के बाहर सुलझाए जाते थे, जमीनी स्तर पर यही स्थिति थी। मुझे खुशी है कि एन बीरेन सिंह जी के नेतृत्व में कई क्षेत्रों में बदलाव आया है। जेपी नड्डा ने कहा कि मणिपुर में शांति इसलिए आई है क्योंकि आप लोगों ने भाजपा का बटन दबाया था।

**2.6 लाख शौचालयों का हुआ निर्माण**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मणिपुर में ही 2.6 लाख शौचालय बनाए गए हैं। जन धन योजना के तहत मणिपुर में 10 लाख महिला खाताधारकों को कोरोना के दौरान सीधे उनके खातों में सहायता मिली। वहीं उन्होंने गैस कनेक्शन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मणिपुर को 1.56 लाख एलपीजी गैस कनेक्शन मुफ्त दिए गए हैं। इन सभी उपायों ने महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाया है।

## भाजपा नेता के रिश्तेदार को एनसीबी ने हिरासत में लेने के कुछ घंटे बाद छोड़ दिया था: नवाब मलिक

चंडीगढ़। (एजेंसी)।

मुंबई। राकांपा नेता नवाब मलिक ने शनिवार को दावा किया कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने पिछले हफ्ते मुंबई तट के पास गोवा जा रहेएक क्रूज जहाज से शुरू में 11 लोगों को हिरासत में लिया था, लेकिन उनमें से तीन को कुछ घंटे बाद छोड़ दिया था, जिसमें भाजपा नेता मोहित भारतीय के एक रिश्तेदार भी शामिल थे। राकांपा प्रवक्ता एवं महाराष्ट्र के मंत्री मलिक ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि उन तीन लोगों में भारतीय के रिश्तेदार ऋषभ सचदेवा भी शामिल थे।

उन्होंने कहा कि दो अन्य - प्रतीक गब्बा और आमिर फर्नीचरवाला - जो बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को क्रूज पार्टी में लाये थे, को हिरासत में लिये जाने के दो घंटे बाद सचदेवा के साथ छोड़ दिया गया था। संपर्क किये जाने पर भारतीय ने राकांपा के आरोपों पर तुरंत टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन उनके कार्यालय ने कहा कि वह दिन में बाद में संवाददाता सम्मेलन करेंगे। मलिक ने कहा, अदालत में चल रही सुनवाई में प्रतीक और आमिर के नाम सामने आए थे।'' मलिक ने पहले घोषणा की थी कि वह शनिवार को उस भाजपा नेता के नाम का खुलासा करेंगे,



जिसके रिश्तेदार को उनके अनुसार एनसीबी ने छोड़ दिया था। इस गुप्त सूचना के आधार पर कि एक जहाज पर पार्टी होनी है, एनसीबी के क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े के नेतृत्व में एजेंसी की एक टीम ने पिछले शनिवार को कॉर्डेलिया क्रूज पर छापा मारा था और वहां से प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद करने का दावा किया था। मामले में आर्यन खान समेत कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। राकांपा नेता ने मांग की कि वानखेड़े के साथ ही इन तीन लोगों के कॉल रिकॉर्ड की जांच की जाए। मलिक ने दावा किया, ''ऋषभ सचदेवा के पिता और एक रिश्तेदार एनसीबी कार्यालय आए और सचदेवा के पिता के फोन से वानखेड़े और मुंबई और दिल्ली में भाजपा नेताओं के बीच बातचीत हुई।'' उन्होंने सवाल किया, ''इन तीन व्यक्तियों के फोन क्यों नहीं जब्त किए गए?''

# 16 साल बाद एक मंच पर नजर आए उद्धव और राणे, एक-दूसरे पर इशारों-इशारों में छोड़े व्यंग्यों के तीर

मुंबई। (एजेंसी)।

महाराष्ट्र के सुरम्य तटीय सिंधुदुर्ग जिले में चिपी हवाई अड्डे का उद्घाटन आज एक कार्यक्रम में किया गया। जिसमें कट्टर प्रतिद्वंद्वी मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने मंच साझा किया। शिवसेना छोड़ने के बाद ये पहली बार हुआ जब राणे और उद्धव ने मंच साझा किया। कार्यक्रम के दौरान सिंधुदुर्ग के रहने वाले राणे ने 1990 में पहली बार जिले से विधायक चुने जाने के बाद से उनके द्वारा किए गए कार्यों का बखान किया। भाजपा नेता ने कहा कि दिवंगत शिवसेना सुप्रीमो बाल ठाकरे के निर्देश पर उन्हें इस क्षेत्र में प्रतिनियुक्त किया गया था। राणे ने कहा कि उनके प्रयासों के कारण ही कोंकण को बुनियादी ढांचे को बढ़ावा मिला है। ठाकरे पर तंज कसते हुए राणे ने कहा कि दिवंगत शिवसेना सुप्रीमो को झूठ बोलने वाले लोग पसंद नहीं थे।

**उद्धव का पलटवार**

राणे पर पलटवार करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि बाला साहब को झूठ बोलना पसंद नहीं था। तो कई बार ऐसे लोगों को शिवसेना से बाहर कर दिया गया। बाल ठाकरे कहते थे सच कड़वा भी हो तो कह देना। इस क्षेत्र को प्राप्त सभी बुनियादी ढांचे को बढ़ावा उनके कारण ही मिला है वाली राणे की टिप्पणी पर पर निशाना साधते हुए उद्धव ने कहा कि मेरी समझ के अनुसार, सिंधुदुर्ग किला (शिवाजी) महाराज द्वारा बनाया गया था या कोई ये भी कहेगा कि मैंने ही ये बनवाया। महाराष्ट्र के सीएम ने कहा कि आप मंत्री हैं। आपको एक महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो मिला है और आप इसका उपयोग महाराष्ट्र को लाभ पहुंचाने के लिए करे। ठाकरे ने कहा कि चिपी में एक हेलीपोर्ट होना चाहिए, जिसका उपयोग पर्यटन के लिए किया जा सके।

**शिवसेना का नहीं कोई योगदान**

उद्घाटन से पहले राणे ने दावा किया कि राज्य के सिंधुदुर्ग जिले के विकास में शिवसेना का कोई योगदान नहीं है और वह तटीय जिले में चिपी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण के पीछे प्रेरक शक्ति थे। हुए राणे ने कहा कि हवाई अड्डा का श्रेय उन्हें और भाजपा को जाता है। राणे ने कहा कि हवाई अड्डे की अवधारणा 1998-1999 में उनके मुख्यमंत्री रहने के दौरान की गई। उन्होंने कहा कि सिंधुदुर्ग के




विकास में शिवसेना का एक प्रतिशत भी योगदान नहीं है और हवाई अड्डे का निर्माण सिर्फ उनकी वजह से हुआ है।

**राणे माने जाते हैं उद्धव विरोधी**

गौरतलब है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और राणे दोनों एक धुर विरोधी हैं और राणे पूर्व में शिवसेना के नेता और राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उन्हें इस साल अगस्त में ठाकरे के खिलाफ टिप्पणी के लिए गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी। चिपी हवाई अड्डे के उद्घाटन से पहले बृहस्पतिवार को ठाकरे ने सिंधिया के साथ ऑनलाइन बैठक की।

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत
गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिकसेन का राष्ट्रपति भवन में जोरदार स्वागत, पीएम मोदी ने की अगवानी

**नई दिल्ली।** डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिकसेन का शनिवार को राष्ट्रपति भवन में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने उनकी अगवानी की। राष्ट्रपति भवन पहुंचने के बाद फ्रेडरिकसेन ने बयान जारी करते हुए कहा कि हम भारत को एक बहुत करीबी पार्टनर मानते हैं। मैं इस यात्रा को डेनमार्क-भारत द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक मील के पत्थर के रूप में देखती हूं। बता दें कि पीएम फ्रेडरिकसन अपनी तीन दिवसीय यात्रा पर भारत आई हुई हैं, इस दौरान वह राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात करेंगी और पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगी।

प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसेन पीएम मोदी के साथ हरित सामरिक गठजोड़ के क्षेत्र में प्रगति की समीक्षा करने के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विविध आयामों पर चर्चा करेंगी। भारत-डेनमार्क के बीच बातचीत के दौरान तकनीकी और कारोबारी सहयोग संबंधित मुद्दों के



डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिकसेन का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया गया। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने उनकी अगवानी की।

साथ-साथ पुरुलिया हथियार कांड के आरोपी किम डेवी के प्रत्यर्पण का मुद्दा भी होगा। कोरोना काल में बीते 20 महीनों के दौरान यह किसी प्रधानमंत्री की पहली भारत यात्रा है।

**रविवार को आगरा में ताजमहल का दीदीर करेंगी पीएम फ्रेडरिकसेन**

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसेन रविवार को ताजमहल और आगरा किला का दीदार करेंगी। उनके दौरे के कारण रविवार सुबह ताजमहल और आगरा किला पर्यटकों के लिए बंद किया जाएगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीक्षण पुरातत्वविद ने शुक्रवार को ताज और किला बंद करने की सूचना जारी कर दी। इसके मुताबिक रविवार सुबह 8.30 बजे से 10.30 बजे तक ताजमहल पर्यटकों के लिए बंद रहेगा, जबकि आगरा किला को सुबह 9.50 बजे से 11.50 बजे तक बंद रखा जाएगा। डेनमार्क की प्रधानमंत्री आज रात को विशेष विमान से सीधे खेरिया हवाई अड्डे पर पहुंचेंगी, जहां उनका भव्य स्वागत किया जाएगा।

## आलोचना के बाद बैकफुट पर सरकार, राज्य की सूची में शामिल होंगे कोरोना से जान गंवाने वाले '7000 लोग'



**तिरुवनंतपुरम।** कोरोना से हुई मौतों के आंकड़ों में हेरफेर करने का आरोप झेल रही केरल सरकार आखिरकार बैकफुट पर आ गई है। विपक्ष की तीखी आलोचना के बाद राज्य सरकार ने फैसला किया है कि मृतक 7000 लोगों को भी कोरोना से हुई मौतों की सूची में शामिल किया जाएगा। इन आंकड़ों को शामिल करने के बाद राज्य में कोरोना हुई मौतों की संख्या 33 हजार पहुंच जाएगी। जबकि, यह अभी 26 हजार है।

**विपक्ष ने लगाए थे गंभीर आरोप** -राज्य में कोरोना से हुई मौतों के आंकड़ों पर विपक्ष ने सरकार को घेरा था। विपक्ष का आरोप था कि मौतों के आंकड़ों के हेरफेर की गई है और कम मौतें दिखाई जा रही हैं। इसके बाद सरकार बैकफुट पर आ गई। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज का कहना है कि ऑनलाइन फीडिंग से पहले कोरोना से हुई सात हजार मौतों का डेटा भी राज्य के आंकड़ों में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सूची में गड़बड़ी की शिकायतों को दूर किया जाएगा।

**जून के दूसरे सप्ताह तक के होंगे आंकड़े**-जानकारी के मुताबिक, जो सात हजार मौतें राज्य की सूची में जोड़ी जाएंगी वह जून के दूसरे सप्ताह तक होंगी। अधिकारियों का कहना है कि राज्य सरकार नए आंकड़ों को शामिल करके अंतिम सूची का आंकलन कर रही है। सही आंकड़े जल्द ही पेश किए जाएंगे।

## जहां कुचले गए वहीं 12 को होगी मृतक किसानों की अरदास, पोस्टर जारी होने से जिला प्रशासन की मुश्किलें बढ़ीं

**नई दिल्ली।** भाकियू नेता राकेश टिकैत ने लखीमपुर खीरी के तिकुनिया कांड को लेकर देश व प्रदेश सरकार को जो अल्टीमेटम दिया था। उसकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है। टिकैत ने चेतावनी दी थी कि संघर्ष में मारे गए किसानों की संयुक्त अरदास तक यदि केंद्रीय गृह राज्यमंत्री को बर्खास्त और उनके पुत्र को गिरफ्तार न किया गया तो देश भर में आंदोलन शुरू होगा। संयुक्त किसान मोर्चा ने इसकी तारीख भी घोषित कर दी है। इससे शासन से लेकर जिला प्रशासन में हड़कंप गच गया है, क्योंकि 12 अक्तूबर को संयुक्त अरदास होनी है और मुख्य आरोपी अब तक पुलिस से काफी दूर है। रविवार को तिकुनिया में हुए हिंसक बवाल को लेकर जिले में ही नहीं, बल्कि प्रदेश व देश में बेहद तनाव है। घटना को लेकर भारतीय किसान यूनियन मुखिया राकेश टिकैत ने बुधवार को जिले में आकर मोहल्ला हाथीपुर स्थित गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा में प्रेसवार्ता कर कहा था कि मृतक चारों किसानों की एक जगह पर संयुक्त अंतिम अरदास होगी, जिसकी तारीख संयुक्त किसान मोर्चा तय करेगा। निर्धारित दिन तक गृह राज्यमंत्री की बर्खास्तगी और मंत्री पुत्र आशीष मिश्रा की गिरफ्तारी न हुई तो देशव्यापी आंदोलन करने का निर्णय लिया जाएगा। हालांकि, संयुक्त मोर्चा ने संयुक्त अंतिम अरदास की तारीख 12 अक्तूबर घोषित कर महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज क्रीड़ा स्थल का स्थान निर्धारित कर इसका पोस्टर जारी कर दिया है।

## त्योहारों के मद्देनजर रेलवे ने लिया बड़ा फैसला, यात्रियों को मिलेगी ये सुविधा

**नई दिल्ली।** रेलवे प्रशासन ने आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए कुछ ट्रेनों की संचालन अवधि में विस्तार के साथ विशेष गाड़ियां चलाये जाने का निर्णय लिया है। पूर्वोत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने आज बताया कि ट्रेन संख्या 06093 चेन्नई-लखनऊ द्विसाप्ताहिक विशेष ट्रेन 09 नवम्बर से 29 जनवरी तक प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को चेन्नई से प्रस्थान करेगी जबकि गाडी संख्या 06094 लखनऊ-चेन्नई विशेष गाड़ी 11 नवम्बर से 31 जनवरी तक प्रत्येक सोमवार एवं बृहस्पतिवार को प्रस्थान करेगी। उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या 01676/01675 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस द्विसाप्ताहिक त्योहार विशेष एक्सप्रेस गाड़ी, 01676 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर द्विसाप्ताहिक त्यौहार विशेष एक्सप्रेस 11 अक्टूबर से 17 नवम्बर तक 12 फेरो में प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को आनन्द विहार टर्मिनस से 22.50 बजे प्रस्थान कर मुरादाबाद, चन्दौसी, लखनऊ, गोरखपुर, ,छपरा, तथा हाजीपुर से छूटकर दूसरे दिन 22.00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार



गाडी संख्या 01675 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस द्विसाप्ताहिक त्योहार विशेष गाड़ी 12 अक्टूबर से 18 नवम्बर तक प्रत्येक मंगलवार एवं बृहस्पतिवार को मुजफ्फरपुर से 23.45 बजे प्रस्थान कर हाजीपुर, छपरा,गोरखपुर,लखनऊ, चन्दौसी, तथा मुरादाबाद से होते हुए दूरे दिन 23.30 बजे आनन्द विहार टर्मिनस पहुंचेगी।

## यूपीएससी ने निजी क्षेत्र के 31 विशेषज्ञों की उच्च पदों पर सीधी भर्ती की

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने निजी क्षेत्र के 31 विशेषज्ञों को संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के पदों पर सीधी भर्ती के लिए चुना है। चुने गए लोगों में 3 संयुक्त सचिव, 19 निदेशक और 9 उप सचिव के पद के लिए चयनित हुए हैं। कार्मिक विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि सही लोगों को सही जगह पर लाने की दिशा में ये एक बड़ा कदम है।

सिंह ने ट्वीट किया, सही व्यक्ति को सही जगह लाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) केंद्रीय लोक सेवा आयोग के द्वारा उचित चयन प्रक्रिया के बाद 31 सीधी भर्तियों की घोषणा करता है।

ये भर्तियां भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव पद पर की गई हैं। डीओपीटी ने आयोग से 14 दिसंबर 2020




और 12 फरवरी 2021 को इन पदों पर सीधी भर्ती के लिए उपयुक्त लोगों के चयन का अनुरोध किया था।

इनमें से 231 उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए चुना गया था और 27 सितंबर और 8 अक्तूबर को साक्षात्कार हुए थे। अंत में आयोग ने 31 उम्मीदवार का चयन इन पदों के लिए किया है। संयुक्त सचिवों की भर्ती वित्त मंत्रालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में होगी।

**सुप्रीम कोर्ट ने क्यों कहा-**

## अस्पताल पुलिस स्टेशन नहीं, हर वार्ड में सीसीटीवी कैमरा नहीं लग सकता

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शनिवार को कहा कि अस्पताल पुलिस स्टेशन नहीं हैं। अदालत देश के सभी अस्पतालों के हर वार्ड में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश नहीं दे सकती, क्योंकि इसमें निजता के मुद्दे भी शामिल हैं। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने गैर-सरकारी संगठन 'ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोटेक्शन एंड एक्शन कमेटी' की ओर से दाखिल याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही संगठन को बेहतर और विशिष्ट अनुरोधों के साथ दोबारा आने के लिए कहा।सुप्रीम कोर्ट पीठ ने कहा, अस्पताल पुलिस थाने नहीं हैं। हम पूरे देश के अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश नहीं दे सकते। मान लीजिए किसी महिला का ऑपरेशन किया जा रहा है या किसी अन्य मरीज का ऑपरेशन किया जा रहा है। ऐसा नहीं किया जा सकता है। इसमें एक मरीज की निजता का मुद्दा भी शामिल है। उच्चतम न्यायालय ने जनहित याचिका पर विचार करने के बाद कहा कि आप लोगों के साथ समस्या यह है कि जब आप अनुच्छेद-32 के तहत इस अदालत का दरवाजा खटखटाते हैं तो



आप हर तरह का अनुरोध करने की कोशिश करते हैं। देखिए, आपने मांग की है कि पूरे देश के डॉक्टरों को निर्देश जारी किए जाएं कि वे अंग्रेजी के अलावा स्थानीय भाषा में नुस्खे लिखें। क्या यह संभव है? मान लीजिए डॉक्टर को स्थानीय भाषा या अंग्रेजी नहीं आती है तो क्या होगा।

## फ्रांस के राजदूत ने कहा-भारत को तय समय से पहले मिल जाएंगे राफेल लड़ाकू विमान

**हैदराबाद।** भारत में फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लेनैन ने शनिवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कोविड-19 की वजह से आई रुकावटों के बावजूद एयरोस्पेस की दिग्गज कंपनी दैसो एविएशन भारत को तय समय से पहले सभी 36 राफेल जेट उपलब्ध करा देगी। वे इंडो-फ्रांसीसी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (आईएफसीसीआई) की तरफ से आयोजित इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव के चौथे संस्करण के मौके पर बोल रहे थे। वहीं, भारत-फ्रांस के बीच व्यापार के सवाल पर उन्होंने कहा कि भारत-फ्रांस के बीच व्यापार मात्रात्मक रूप से अधिक नहीं है, क्योंकि फ्रांस की ज्यादातर कंपनियां भारत को निर्यात करने के बजाय भारत में



निवेश कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने बताया कि यूरोपीय देशों की फर्मों ने भारत में 10 अरब यूरो से अधिक का निवेश किया है, जिससे 2.50 लाख भारतीयों को रोजगार मिला है।

**अब-तक 26 राफेल मिले**

असल में भारत और फ्रांस के बीच 2016 में 36 राफेल फाइटर जेट के लिए 58,000 करोड़ रुपये का सौदा हुआ था। इन विमानों की पहली खेप पिछले वर्ष 29 जुलाई को मिल चुकी है। लेकिन, फ्रांस में कोविड के चलते हुए लॉकडाउन के दौरान यह विमान बनाने वाली फैक्ट्री भी बंद कर दी गई थी, जिसकी वजह से भारत को विमान मिलने में देरी होने का अंदेशा था। लेकिन, लेनैन ने बताया कि जैसे ही फैक्ट्री खुली वहां कर्मचारियों ने दिन-रात अतिरिक्त मेहनत की और अब विमानों के निर्माण का काम तय समय से पहले चल रहा है। फ्रांस ने भारत को वादे के मुताबिक 26 विमान तय समय पर पहुंचा दिए हैं। शेष भी जल्द भारत पहुंच जाएंगे।

**कोविड के चलते घट गया व्यापार...**

2020 में, भारत-फ्रांस का द्विपक्षीय व्यापार 2019 की तुलना में 9.04 बिलियन यूरो (-21.99 प्रतिशत) रहा। वहीं, इस दौरान फ्रांस को भारत के निर्यात 22.9 फीसदी की गिरावट हुई यह 4.80 बिलियन यूरो का था। भारतीय आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, फ्रांस से भारत का आयात भी 20.95 प्रतिशत घटकर 4.23 अरब यूरो रह गया।

# एक हफ्ते में दूसरी बार डाउन हुए फेसबुक-इंस्टाग्राम

### कंपनी ने जताया खेद

**नई दिल्ली।** सोमवार को फेसबुक समेत अन्य सोशल मीडिया एप्स के डाउन होने के एक हफ्ते के भीतर इंस्टाग्राम फिर से डाउन हो गया। कई यूजर्स फोटो-शेयरिंग प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपनी फोटो शेयर नहीं कर पा रहे थे। दोनों ही एप देर रात 12 बजे के बाद एक तकरीबन एक घंटे के लिए प्रभावित रहे। सर्वर डाउन होने के कारण फेसबुक और इंस्टाग्राम कुछ समय के लिए बंद हो गए थे। जिस कारण कई यूजर्स को परेशानी का सामना करना पड़ा था। हालांकि अब सेवा बहाल हो गई है। वहीं कंपनी ने इस असुविधा के लिए खेद जताया है।

फेसबुक ने ट्वीट कर कहा कि कुछ लोगों को हमारे एप्स और वेबसाइट तक पहुंचने में समस्या हो रही है। अगर आप हमारी सर्विस इस्तेमाल नहीं कर पा रहे, तो हमें खेद है। हम जानते हैं कि आप एक दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए हम पर कितना निर्भर हैं। अब हमने समस्या का समाधान कर दिया है। इस बार भी अपना धैर्य बनाए रखने के लिए फिर से धन्यवाद।

वहीं इंस्टाग्राम ने भी बयान जारी कर कहा कि हमें बहुत खेद है और इसे ठीक करने के



लिए जितनी जल्दी हो सके काम कर रहे हैं। साथ ही कहा कि हम जानते हैं कि आप में से कुछ लोगों को अभी इंस्टाग्राम का उपयोग करने में कुछ समस्या हो रही होगी।

**एक हफ्ते में दूसरी बार आई समस्या**

इससे पहले रविवार देर रात इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सएप के सर्वर करीब छह घंटे तक डाउन रहे थे। इसके कारण कई यूजर्स को समस्याओं का सामना करना पड़ा था। हालांकि सुबह में कंपनी ने इसके लिए खेद जताया था। फेसबुक ने आउटेज की वजह राउटर कंफिगरेशन में हुए परिवर्तन को बताया था जो अपने डेटा केंद्रों के बीच नेटवर्क कम्युनिकेशन को समन्वयित करते हैं।

फेसबुक के बुनियादी ढांचे के उपाध्यक्ष संतोष जनार्दन ने अपने एक पोस्ट में कहा था कि नेटवर्क ट्रैफिक में इस व्यवधान का हमारे डेटा केंद्रों के संचार के तरीके पर व्यापक प्रभाव पड़ा, जिससे हमारी सेवाएं रुक गईं। वहीं कई तकनीकी एक्सपर्ट्स के अनुसार, फेसबुक का डाउन होना तकनीकी गलती थी। उन्होंने किसी अंदर के आदमी की भूमिका की संभावना से इनकार नहीं किया।

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-krantisamay@gmail.com

समस्या आपकी हमें भेजे

अपने क्षेत्र में समस्याएं हमें लिखे या बताएँ और समस्याएं का हल संबंधित विभाग से मिलेगा
मोबाईल:-987914180
या फोटा,वीडियो हमें भेजे

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार
भारत के अन्य राज्यों में जिला ब्यूरों और अन्य शहर,ग्राम में पत्रकारों की नियुक्त के लिए आवेदन कर सकते है
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-krantisamay@gmail.com